Department of Arabic Studies, Mila University Center, Algeria
International Scientific Research Association
*in association with*
Research Culture Society
Organises

# International Conference on Literature, Society & the Global Media

**(ICLSGM-2022) 15 - 16 October, 2022**




**Shikshan Sanshodhan :**

## Journal of Arts, Humanities and Social Sciences

( ISSN: 2581-6241 )
( Scientific Journal Impact Factor: 5.146)
Monthly Peer-Reviewed, Refereed, Indexed Research Journal
DOIs:10.2018/SS/NCMRTRI-2022

Conference Special Issue - 5 October - 2022



RESEARCH CULTURE SOCIETY & PUBLICATION
Email: shikshansanshodhan@gmail.com
Web Email: editor@ijrcs.org
http://shikshansanshodhan.researchculturesociety.org/



# INTERNATIONAL CONFERENCE ON LITERATURE, SOCIETY & THE GLOBAL MEDIA

*(ICLSGM – 2022)*

*Conference Special / Proceedings Issue - 5*

*The Managing Editor:*

***Dr. C. M. Patel***

***( Research Culture Society & Publication )***

*Jointly Organized By :*

**Department of Arabic Studies, Mila University Center, Algeria**

**'Research Culture Society', 'Scientific Research Association' and English Literature Club.**

***Published by :***

**Shikshan Sanshodhan :**

**Journal of Arts, Humanities and Social Sciences**

# *International Conference*

*on*

# Literature, Society & the Global Media

**15-16 October, 2022**

## (Conference Proceedings – Special Issue)

**Copyright © :** The research work as a theory with other contents, images, tables, charts in full papers are subject to copyright taken by Department of Arabic Studies, Mila University Center, Algeria ' Research Culture Society', 'Scientific Research Association' and English Literature Club, The Managing Editor, Co-editors and Authors of Articles/Papers in this Conference special issue.

**Disclaimer:** The author/authors/contributors are solely responsible for the content, images, theory, datasets of the papers compiled in this conference special issue. The opinions expressed in our published works are those of the author(s)/contributors and does not reflect of our publication house, publishers and editors, the publisher do not take responsibility for any copyright claim and/or damage of property and/or any third parties claim in any matter. The publication house and/or publisher is not responsible for any kind of typo-error, errors, omissions, or claims for damages, including exemplary damages, arising out of use, inability to use, or with regard to the accuracy or sufficiency of the information in the published work. The publisher or editor does not take any responsibility for the same in any manner. No part of this publication may be reproduced or transmitted in any form by any means, electronic or mechanical, including photocopy, recording, or any information storage and retrieval system, without permission in writing from the copyright owner.

**Online / Imprint:** Any product name, brand name or other such mark name in this book are subjected to trademark or brand, or patent protection or registered trademark of their respective holder. The use of product name, brand name, trademark name, common name and product details and distractions etc., even without a particular marking in this work is no way to be constructed to mean that such names may be regarded as unrestricted in respect of trademark and brand protection legislation and could thus be used by anyone.

**Published By:**
**Shikshan Sanshodhan : Journal of Arts, Humanities and Social Sciences (ISSN: 2581-6241)**
**शिक्षण संशोधन : कला, मानविकी और सामाजिक विज्ञान जर्नल**
**Research Culture Society and Publication.**
(Reg. International ISBN Books and ISSN Journals Publisher)
Email: shikshansanshodhan@gmail.com / editor@ijrcs.org
http://shikshansanshodhan.researchculturesociety.org/

## About the organizing Institutions:

**The department of Arabic Studies** is one of the twelve departments at Mila University Centre. It was founded in 2012 and There are about 60 teachers in total divided in between 30 part-time and full time teachers. There are about 800 students in the department of English who study in both bachelor and master levels. The department has two main buildings one is considered as the administration, and the other contains 20 classes, 5 amphitheatres, and 3 fully-equipped language labs.

**The university Centre of Mila** has four main faculties namely the faculty of Letters and Languages, the faculty of science and technology, the faculty of economics and management, and the faculty of law. The university was established on September 2008, and it is located in Trik Zegheyia Route, county of Mila.

**'Research Culture Society'** is a Government Registered Scientific Research organization. Society is working for research community at National and International level to impart quality and non-profitable services. Society has successfully organized 100+ conferences, seminars, symposiums and other educational programmes at national and international level in association with different educational institutions.

**International Scientific Research Association (Scientific Research Association)** is registered and an esteemed research association working on to provide scientific research services, educational studies and activities at international level, also coordinate with other research organizations for the educational research events. Scientific Research Association as honorary partner of the 'Research Culture Society' with MoU – collaboration.

**About the Conference:**

We considered Literature as the mirror of society. Literature as part of a larger cultural body is both instructive and entertaining, and has the power to facilitate personal understanding and encourage social cohesion. Literature has had a major impact on the development of society. It has shaped civilisations, changed political systems and exposed injustice. Literature gives us a detailed preview of human experiences, allowing us to connect on basic levels of desire and emotion. However, just as it has constructed societies, the writings and works of certain authors have degraded societies to their most primitive form. While Literature influences society slowly, the impact of Media on society is little fast and at times, instantaneous. The relationship between literature, society and the media has been the subject of the subject of considerable discussions.

**Objectives of the International conference:** Identifying the current scenario and interrelationship of literature, society and media. Identifying various knowledge forms of literature, society and media. Analyzing the content of literature, society and media. Intellectual and academic development.

# Conference Committee

### Organizers – Conference Chair Members :

**Prof.dc.Ridha Ameur** , Director, Literary Studies and Critical Laboratory, Faculty of Letters and Languages, University Centre of Mila, Algeria

**Dr.C. M. Patel,** Director, Research Culture Society.

### Advisory Member :

**Prof. Yana N.** School of Languages, Literature and Linguistics, EU.

**Prof. Adrina Y.,** (Ph.D), School of Languages, Literature and Linguistics, EU.

### Session Chair / Reviewer Committee:

**Abderrahim Bouderbane,** Associate Professor – English at Mila University Centre, Algeria

**Layla Zourez,** Associate Professor – English at Mila University Centre, Algeria

**Dr. Kanta Galani,** Asst.Prof. Department of English School of languages, Literature and Society, Central Sanskrit University, Jaipur, India

**Dr. J.A.H. Khatri,** Assistant Professor, School of Liberal Studies & Education, Navrachana University, Vadodara, Gujarat, India

**Dr.Bhoomi Vamja,** Assistant Professor - English, Gujarat Commerce College, Ahmedabad, India

**Zeenat Barkatali Merchant,** HOD - English , Poona College of Arts Science and Commerce, Pune, India.

**Dr. Tanushri Mukherjee,** Associate Professor, Amity School of Communication, Amity University Rajasthan, Jaipur, Rajasthan, India

**Messaouda Boudjerida,** Assistant teacher of English literature at Mila University Centre, Algeria

**Nassima Kriba,** Professor of Arabic Literary Studies at Mila University Centre, Algeria

### Keynote Speakers:

**Prof. (Dr.) Suresh Chandra Nayak,** Dean and Head, Faculty of Arts, Gopal Narayan Singh University, Bihar, India

**Dr. HC. Vassilakou Evangelia,** Manager of Education & Academic English instructor, The English Academy of Languages, Greece.

**Dr.Pramod Kumar Pandia,** Department of Education and Ex. Registrar at IASE (Deemed to be University), Sardar Sahar, India

*****

# INDEX



| PAPER ID | Table of Contents | Page No. |
|---|---|---|
| a) | About the organizing Institutions<br>About the Conference<br>Conference Objectives | 3 |
| b) | Conference Committee | 4 |
| c) | Table of Contents | 5 |
| | **Paper/Article Title & Author Name** | |
| ICLSGM001 | हिन्दी साहित्य में जीवन मूल्य -- डॉ. नवनीता भाटिया, सीमा जौहरी | 6-9 |
| ICLSGM002 | वैश्वीकरण के दौर में हिंन्दी की भूमिका -- डॉ. अंचल कुमारी | 10-12 |
| ICLSGM003 | अस्मितामुलक विमर्श और समकालीन हिंदी दलित कविता --<br>डॉ. कविता वी. राजन | 13-17 |
| ICLSGM004 | मराठी साहित्यातील वडार लोककथांचे वडार बोलीतील दस्तऐवजीकरण<br>-- Mrs. Vijayalaxmi Vijay Devagoji, Dr. Manisha Nesarkar | 18-23 |
| ICLSGM005 | महिला सशक्तिकरण में सोशल मीडिया की सकारात्मक भूमिका --<br>सविता राजन, डॉ. माधुरी वर्मा | 24-27 |
| ICLSGM006 | परम्परागत और आधुनिक संचार के परिप्रेक्ष्य में ढोल का महत्व --<br>डॉ. आरती भट्ट, कमल किशोर रावत | 28-37 |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | ***** | |

**Shikshan Sanshodhan : Journal of Arts, Humanities and Social Sciences**
**Monthly, Peer-Reviewed, Refereed, Indexed Journal**
**Volume - 5, Special Issue - 5, October - 2022**
**ISSN: 2581-6241**
**Impact Factor: 5.146**
**Publication Date: 31/10/2022**

DOIs:10.2018/SS/ICLSGM001 --:-- Research Paper / Article

# हिन्दी साहित्य में जीवन मूल्य

**[1]डॉ. नवनीता भाटिया, [2]सीमा जौहरी**
[1]निर्देशिका (Research Guide), ओ.पी.जे.एस. यूनिवर्सिटी, चुरू, राजस्थान
[2]शोधार्थी, हिन्दी , ओ.पी.जे.एस. यूनिवर्सिटी, चुरू, राजस्थान
ई-मेल – seemajauhari27@gmail.com

**मूल शब्द :** संस्कृति, सभ्यता, मूल्य, आदर्श, परम्परा

**प्रस्तावना :**

यस्य कस्य प्रसुतोऽपि, गुणवान् पूज्यते नरः|

धनुर्वंश-विशुद्धोऽपि, निर्गुणः किं करिष्यति||

शान्तितुल्यं तपो नास्ति, न सन्तोषात् परं सुखम्|

न तृष्णाया: परो व्याधि:, न च धर्मो दया परः||

ये पंक्तियाँ मनुष्य के जीवन में मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डालती हैं|

मूल्य वे सिद्धांत या नियम होते हैं जो व्यक्ति के जीवन को नियंत्रित करते हैं| मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, समाज में रहकर वह कई मूल्यों का पालन करता है| जिनकी अपेक्षा उससे की जाती है| भारतीय सभ्यता विश्व की सबसे प्राचीन सभ्यता है| इसलिए भारतीय सभ्यता के मूल्य, आदर्श व सिद्धांत सम्पूर्ण विश्व के लिए मार्ग प्रशस्त करते हैं| तैत्तरिय उपनिषद में भी "सत्यं वद, धर्मं चर" के मूल्य को प्रतिपादित किया गया है| हमारी संस्कृति व सभ्यता हमें उस कल्याणकारी मार्ग पर अग्रसर करती है, जिस मार्ग के प्रथम सोपान में ही मनुष्य को 'मातृदेवो भव' 'पितृदेवो भव' 'आचार्यदेवो भव', 'वसुधैव कुटुम्बकम्' 'सर्वधर्म समभाव', 'अहिंसा परमो धर्म' जैसे मूल्यों का सिञ्चन किया जाता है| विगत समय में कई सभ्यताएँ केवल इसलिए नष्ट या लुप्त हो गईं क्योंकि उनमें उचित जीवन मूल्यों का अभाव था| उनमें वे क्षमताएँ न थीं जो मानव मात्र के लिए हितकारी हों| जो विपत्ति काल में उन्हें उचित पथ दर्शन करवा सके| भारत में बौद्ध और जैन धर्म सत्य, अहिंसा, सद्भाव के मूल्यों पर चलने के कारण ही आज के मशीनी युग के समय में भी मनुष्य के लिए सार्थक बने हुए हैं| ये वे मूल्य हैं जो अहित करने वाले की भी हित कामना ही करते हैं| कदाचित यही कारण है कि भारतीय मूल्यों की सुदीर्घ परम्परा जन समाज को पल्लवित, पुष्पित तथा पोषित कर रही है| मूल्य को किसी एक परिभाषा या परिपाटी में नहीं बाँधा जा सकता| समय व परिस्थितियों के साथ मूल्य व् मान्यताओं का बदलना स्वाभाविक ही है| विज्ञान व तकनीकी विकास के साथ कई मूल्य पुराने पड़ जाते हैं जिन्हें त्याग देना ही उचित होता है| प्राचीन आस्था व श्रद्धा आज विकास में बाधक बन सकते हैं| मूल्यों का उत्कर्ष ही समाज की उन्नति व विकास की कसौटी है| मूल्यों के उत्कर्ष से उन्नत यही समाज साहित्य में कई रूपों में साकार होता है|

**सार :**

साहित्य और मूल्य एक सिक्के के दो पहलू हैं| साहित्य की सभी विधाओं में मूल्यों की अभिव्यक्ति हुई है| साहित्य में केवल व्यक्ति की व्यक्तिगत रुचि ही नहीं होती, बल्कि उसमें सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक मूल्यों पर आधारित व्यवस्था का भी निर्धारण होता है| उसमें राष्ट्रीय व अन्तराष्ट्रीय व्यवस्था भी व्याख्यायित होती है| साहित्य समाज का दर्पण है| समाज में व्याप्त गुण-दोष, अच्छाई-बुराई, हित-अहित सभी से प्रभावित होता है साहित्य| इसे हम इस प्रकार भी कह सकते हैं समाज में जो कुछ भी परिवर्तन या परिवर्धन होता है वह सब साहित्य में परिलक्षित होता है| साहित्य समसामयिक परिस्थितियों को अभिव्यक्त करता है

जिससे समाज की सच्ची तस्वीर लोगों के समक्ष आ सके| इसी क्रम में साहित्यकार का यह कर्तव्य बन जाता है कि वह समाज में प्रचलित आदर्शों, मान्यताओं, विश्वासों को विश्लेषित करे| आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने अपने ग्रन्थ हिन्दी साहित्य का इतिहास में कहा है- “साहित्य मानव की चित्त वृत्तियों का संचित प्रतिबिम्ब है|” हिन्दी साहित्य में भी कई कवियों व लेखकों ने मूल्यों को अपनी रचनाओं में अभिव्यक्त किया| ऐसे तो प्रत्येक रचना किसी-न-किसी मूल्य पर आधारित होती है| भक्तिकाल में तुलसी दास ने रामचरित मानस में आदर्श राज्य, आदर्श पुत्र, पति, पिता के आदर्श मूल्य को दर्शाया| रामराज्य के आदर्श को तुलसी दास ने स्थापित किया| उनके राम भगवान् राम नहीं हैं, बल्कि एक मानव रूप हैं, जिनके द्वारा जीवन मूल्य की स्थापना करके सामान्य जन मानस को यह सन्देश दिया गया है कि प्रजा के कल्याण की कामना के साथ एक आदर्श समाज की प्रतिष्ठा की जा सकती है| कुछ जीवन मूल्य समय सापेक्ष होते हैं| समय व परिस्थिति के अनुरूप उनमें बदलाव आता रहता है| इसलिए ही वाल्मीकि कृत रामायण के राम भगवान रूप में वर्णित हैं तो समय परिवर्तन के साथ तुलसी दास के राम के चरित्र में भिन्नता देखने को मिलती है| तुलसी दास जी रामचरितमानस में कहते हैं-

“एक अनीह अरूप अनामा| जब सच्चिदानंद परधामा| व्यापक बिस्वरूप भगवाना|

तें हि धरि देह चरित कृत नाना|”

साकेत के राम नायकों के नायक हैं| वे रामराज्य स्थापित करने के लिए क्रान्ति के वाहक बने हुए हैं| साकेत के राम कहते हैं-

“मैं आर्यों का आदर्श बताने आया, जन सम्मुख धन को तुच्छ बताने आया|

सुख-शान्ति हेतु क्रान्ति मचाने आया, विश्वासी का विश्वास बचाने आया|”

महान साहित्यकार प्रेमचंद का तो सम्पूर्ण साहित्य ही सामाजिक यथार्थ के मूल्य पर आधारित है| प्रेमचंद की ईदगाह कहानी बुजुर्गों के प्रति आदर-सम्मान व उनकी सुरक्षा के मूल्य पर आधारित है| आज के समय में जब वृद्धों के प्रति जो उपेक्षित व्यवहार देखने को मिलता है उनके लिए यह कहानी वास्तव में एक बहुत बड़ी सीख है| ‘नमक का दारोगा’ कहानी कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी तथा सच्चाई के मूल्यों को प्रतिष्ठित करती हुई जन-जन को मार्गदर्शन देती है|

प्रत्येक साहित्यकार का यह कर्तव्य बनता है कि वह युगीन प्रचलित मूल्यों को अपने साहित्य के माध्यम से लोगों के सामने प्रस्तुत करे जिससे प्रेरणा लेकर मनुष्य समाज में योग्य व्यवहार कर सके| मानव, समाज और साहित्य एक-दूसरे से बंधे हुए हैं| मानव द्वारा व्यवहृत मूल्य समाज को प्रभावित करते हैं| यही समाज साहित्य में व्यक्त होता है| इसलिए साहित्य में जीवन मूल्यों की आदर्श अभिव्यक्ति आवश्यक है| इस उत्तरदायित्व का वहन हिन्दी साहित्य में सभी साहित्यकारों ने किया है- तुलसी, कबीर, सूरदास, मैथिली शरण गुप्त, प्रेमचंद, दिनकर जैसे साहित्यकारों की रचनाएँ आज भी हृदय को आंदोलित करती हैं| साहित्य मानवीय संवेदनाओं का लिखित संग्रह है| जो अपने समय के मूल्यों, आदर्शों, सिद्धांतों की यथा तथ्य अनुभूति कर उसे लिखित रूप देता है और यही लिखित रूप इतिहास में सदैव के लिए अमर हो जाता है|

कबीर की रचनाएँ लोगों को अंधविश्वास, कर्मकांड के लिए फटकारती हैं| प्रेमचंद का साहित्य समाज की सच्ची तस्वीर दिखाता है| जिसमें भूख है, गरीबी है अत्याचार व शोषण है| दिनकर की रचनाएँ राष्ट्र के लिए नई क्रांतिकारी चेतना जाग्रत करती हैं| गर्व के साथ कवि लोगों से राष्ट्रोत्थान का आह्वान करते हैं| एक नया आदर्श व मूल्य स्थापित करते हैं जिसमें सामान्य से सामान्य मनुष्य भी सर उठाकर स्वतंत्र भारत में साँस ले सके| जहाँ उसका भी अपना व्यक्तित्व हो, अपनी पहचान हो| ऐसी संरचना बने कि जिसमें सभी को समान अधिकार व सुविधाएँ प्राप्त हों| किसी भी प्रकार का शोषण या अत्याचार का वातावरण न हो| यही कारण था कि वे मैथिली शरण गुप्त के बाद देश के राष्ट्र कवि कहे गए|

अल्पसंख्यकों के आँसू यदि पुछे नहीं,

वृथा देश में तो कायम सरकार है|

बहुमत का तो आलम स्वयं अपना बल है,

अल्पसंख्यकों का शासन पर भार है| नए सुभाषित ‘अल्पसंख्यक’ दिनकर

मूल्य स्थापना तथा उनके पालन के साथ-साथ दिनकर मानते हैं कि मूल्यों में समय-समय पर बदलाव आवश्यक हैं| आधुनिक बोध के स्फुट चिन्तन लेख में उन्होंने लिखा है- "अतीत से मिली हुई चीज भी तब तक ग्रहण करने योग्य नहीं है, जब तक वह वर्तमान की कसौटी पर खरी न पाई जाए| नैतिकता, पाप और पुण्य की पुरानी परिभाषाएँ व्यर्थ हैं| हमें उनकी नई परिभाषाएँ बनानी चाहिए| ईश्वर और अध्यात्म भी हमें सांस्कृतिक विरासत के पुच्छल्ले के रूप में नहीं प्राप्त हो सकते| नए सिरे से उनका अनुसंधान आवश्यक है| सभी गुजरे युगों की नैतिकता, विश्वास, मान्यता, फैशन और दृष्टिकोण को वर्तमान के धरातल पर अपना अस्तित्व सिद्ध करना होगा|" आधुनिक बोध स्फुट चिंतन – दिनकर

दिनकर जी ने अपने सम्पूर्ण साहित्य में कुछ ऐसे ही मूल्यों की स्थापना की थी और जो मूल्य मानने योग्य नहीं थे उनको तिरोहित कर देने का समर्थन भी उन्होंने किया|

मूल्य भी दो प्रकार के होते हैं एक वे जो शाश्वत होते हैं जो कभी नहीं बदलते जैसे त्याग, अहिंसा, सत्य, कल्याण आदि| दूसरे मूल्य वे कहलाते हैं जो सामाजिक, राजनीतिक या आर्थिक परिवर्तन के साथ बदल जाते हैं| स्वतंत्रता से पूर्व हमारे मूल्य कुछ अलग थे जिनमें एकता व भाई चारे के साथ रहकर हम आजादी को प्राप्त करने का अथक प्रयास कर रहे थे| स्वतंत्रता के पश्चात मूल्यों में परिवर्तन आया| हमारी आशाएँ और अपेक्षाएँ समय के अनुसार परिवर्तित हो गईं| आजादी के बाद भ्रष्टाचार, अलगाव, धर्म, जाति भेद आदि के विघटनकारी मूल्य अपने पैर पसारने लगे| इसलिए आवश्यक था कि साहित्य समाज के महत्वपूर्ण अंग के रूप में अपने उत्तरदायित्व को निभाए| हिन्दी साहित्य ने यह भूमिका बखूबी निभाई| हिन्दी साहित्य अब मनोरंजन के साथ-साथ समाज केंद्री मूल्यों को वर्णित करने लगा| कल्पना के आकाश से साहित्य वास्तविकता के धरातल पर आया| चंद्रधर शर्मा की 'उसने कहा था' कहानी देश प्रेम के लिए व्यक्तिगत प्रेम के त्याग का श्रेष्ठ उदाहरण है| 'दुःख का अधिकार' कहानी सामाजिक-आर्थिक विषमता के ताने-बाने से गूँथी हुई है और यह विचार करने पर विवश कर देती है कि आखिर क्यों बाह्य आडम्बर व्यक्ति के अस्तित्व के लिए आवश्यक है| क्यों एक मनुष्य अपना दुःख भी अपने अनुसार व्यक्त नहीं कर सकता| मनोहर श्याम जोशी की 'सिल्वर वैडिंग' पारिवारिक मूल्यों के टूटन की व्यथा-कथा है| जो नई पीढ़ी को यह सन्देश देती है कि जीवन में परिवर्तन अनिवार्य है लेकिन अपने उच्च आदर्शों, परम्पराओं या मूल्यों की कसौटी पर बिलकुल नहीं| सुदर्शन द्वारा लिखित 'हार की जीत' कहानी उन अमर कहानियों में से है जो मनुष्य के भीतर छिपी अच्छाइयों को पुनर्जीवित करती हैं| जो एक मनुष्य के दूसरे मनुष्य पर विश्वास की अनश्वरता को सार्थक करती हुई लोकगाथात्मक कहानी है| इन सबके साथ सिक्के का एक दूसरा पहलू भी है|

आज पाश्चात्य सभ्यता का अन्धानुकरण हमारी नई पीढ़ी के द्वारा किया जा रहा है| समस्त विश्व में जिस संस्कृति के लिए हमें 'विश्वगुरु' की संज्ञा दी गई थी उस मूल्य को तो मानो ताक पर रख दिया गया है| उनका रहन-सहन, खान-पान सब पाश्चात्य रंग में रंगे दिखाई देते हैं| हमारे लोक नृत्य, लोक संगीत, कलाएँ, खेल आदि अपना अस्तित्व बचाने में लगे हुए हैं| अपनी सुख-सुविधा ही आज उनके लिए सर्वोपरि है| अनैतिकता ने उस चरम को छू लिया है जहाँ प्रगति के नाम पर अपनों की अनदेखी, एकल परिवार, आत्मकेन्द्री दृष्टिकोण, लालच, धन कमाने की अंधी दौड़ ही दिखाई देती है| तकनीकी और औद्योगिक विकास के बढ़ते कदम ने हमें प्रकृति से दूर कर दिया है| अपना ही भविष्य हमने संकट में डाल लिया है|

इन सबके बीच भी हिन्दी साहित्यकार अपना कर्तव्य पूर्णत: निभाते हुए अपनी रचनाओं के माध्यम से मूल्य प्रतिष्ठापन करते रहे| हिन्दी काव्य साहित्य में जीवन मूल्यों की स्थापना करने में आधुनिक कवि कुँवर नारायण जी का भी अहम योगदान रहा| वे एक ऐसे समाज की रचना करना चाहते थे जिसमें एक-दूसरे के प्रति मान हो, सम्मान हो| उनकी दृष्टि उदारवादी थी| व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास के वे समर्थक थे| वे चाहते थे कि प्रत्येक मनुष्य को उसकी पहचान अपनी योग्यता के आधार पर मिलनी ही चाहिए| अपने व्यक्तित्व के विकास के लिए निश्चित नियंत्रण के साथ लेकिन निर्बाध रूप से व्यवहार कर सके| जहाँ मानव-मानव के मध्य किसी प्रकार का संघर्ष न हो| वे स्वयं कहते हैं- "मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए कुछ सामाजिक नियमों को मानना अनिवार्य हो जाता है, लेकिन ये नियम चाहे समाज के हों, चाहे राज्य के, इस सीमा तक मान्य नहीं हो सकते कि व्यक्ति की उचित स्वतंत्रता में बाधक हो जाएँ|" कुँवर नारायण– परिवेश : हम-तुम, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, सं. 2006, पृ.7

जीने का ध्येय बदलते ही

बदला जाता है जीवन

प्यार और करुणा से सोचें

तो जीने का अर्थ बदल जाता है|" कुँवर नारायण - कुमारजीव, पृ. 135

**उपसंहार :**

आज का समाज अनेक प्रकार की विकृतियों और विषमताओं से घिरा हुआ है| मूल्यों का ह्रास अपने चरम पर पहुँच गया है| साहित्यकार अवमूल्यन से घिरे और संवेदन शून्य होते जा रहे मनुष्य को विस्मृत मूल्यों की ओर अग्रसर करने का बीड़ा उठाए हुए है| भावी विनाश को रोकने के लिए जनमानस के मन मस्तिष्क को मूल्यों की ओर उन्मुख करना बहुत आवश्यक है| जीवन मूल्य ही व्यक्ति के मन को, उसके व्यक्तित्व को तथा सम्पूर्ण जीवन को परिष्कृत तथा परिमार्जित करते हैं| जीवन मूल्य ही हैं जो मानव को सृष्टि की श्रेष्ठ रचना का अलंकृत पद दिए हुए हैं| मूल्यों के ह्रास से तात्पर्य है व्यक्ति का ह्रास हो जाना| जो समाज और फिर देश या विश्व की नींव को उखाड़ देगा| मूल्यों की रक्षा में ही मानव रक्षा समाहित है| यह उत्तरदायित्व केवल साहित्य का नहीं है प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह स्वयं में या अपनी आने वाली पीढ़ी में संस्कारों का, मूल्यों का सिंचन करे| अपने भाषण 'साहित्य का उद्देश्य' में प्रेमचंद जी जीवन के लिए साहित्य को अनिवार्य मानते हैं| 'कला कला के लिए' या 'कला जीवन के लिए' इस विषय पर वे अपना मत रखते हैं कि "कुशल कलाकार कोई विचार प्रधान रचना भी इतनी सुन्दरता से करता है कि उनसे मनुष्य की मौलिक प्रवृत्तियों का संघर्ष निभता रहे| जब हम देखते हैं कि हम भाँति-भाँति के राजनीतिक और सामाजिक बन्धनों में जकड़े हुए हैं, जिधर निगाह उठती है वहाँ दुःख और दरिद्रता के भीषण दृश्य दिखाई देते हैं, विपत्ति का करुण क्रंदन सुनाई देता है तो कैसे संभव है कि किसी विचारशील प्राणी का दिल न दहले उठे|" यदि यह भाव आज भी हम महसूस करते हैं या अपने इर्द-गिर्द देखते हैं तो निश्चित ही हमने मूल्यों को संजोकर रखा है, उसे खोया नहीं है| आवश्यकता है उन्हें समय-समय पर परिष्कृत करने की|

**सन्दर्भ सूची** :

1.आचार्य रामचंद्र शुक्ल – हिन्दी साहित्य का इतिहास

2.तुलसी दास जी - रामचरितमानस

3.मैथिली शरण गुप्त - साकेत

4.रामधारी सिंह दिनकर नए सुभाषित 'अल्पसंख्यक' उदयाचल प्रकाशन

5.रामधारी सिंह दिनकर - आधुनिक बोध स्फुट चिंतन

6.मनोहर श्याम जोशी – सिल्वर वैडिंग

7.सुदर्शन – हार की जीत

8.कुँवर नारायण – परिवेश : हम-तुम, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, सं. 2006, पृ. 7

9.कुँवर नारायण - कुमारजीव, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, सं. 2015, पृ. 135

10.प्रेमचंद – साहित्य का उद्देश्य (भाषण)

**Shikshan Sanshodhan** : Journal of Arts, Humanities and Social Sciences
Monthly, Peer-Reviewed, Refereed, Indexed Journal
Volume - 5, Special Issue - 5, October - 2022

ISSN: 2581-6241
Impact Factor: 5.146
Publication Date: 31/10/2022

DOIs:10.2018/SS/ICLSGM002 --:-- Research Paper / Article

# वैश्वीकरण के दौर में हिंन्दी की भूमिका

**डॉ. अंचल कुमारी**
सहायक आचार्य, आर.सी.सी.वी.पी.जी. कॉलेज, गाजियाबाद
ईमेल: anchalhindi@gmail.com

21 वीं सदी में विश्व पटल पर हिन्दी एक नई ताकत के साथ उभर कर आई है इस युग ने हिन्दी भाषा की दशा और दिशा को तय किया है और यह आलेख हिंदी की विजय पताका के कारणों की पड़ताल करता हुआ भाषाई-विकास की एक सहज प्रक्रिया एवं हिंदी की स्थिति का उद्घाटन करने का छोटा सा प्रयास है।

## वैश्वीकरण का अर्थ

वैश्वीकरण का शाब्दिक अर्थ "स्थानीय या क्षेत्रीय घटनाओं और वस्तुओं को विश्व स्तर पर रूपांतरण करने की प्रक्रिया है।"

यह एक ऐसी प्रक्रिया है जहां पर पूरा विश्व मिलकर नए समाज का निर्माण करता है तथा साथ-साथ कार्य करता हुआ जीता है। भारत जैसे विकासशील देश में दुनिया की भौगोलिक सीमा टूट रही है और विश्व एक समतल हो रहा है। आज एक छोटी सी छोटी खबर भी विश्व के एक कोने से दूसरे कोने तक पल भर में फैल जाती है। इस भूमंडलीकरण होती दुनिया को विश्व ग्राम का नाम भी दिया जा रहा है वह भी उचित प्रतीत होती है।

हमारा हिंदी साहित्य, आदिकाल, भक्तिकाल, रीतिकाल से क्रमिक विकास करता हुआ अब वर्तमान में ग्लोबल का साहित्य बन चुका है। आज लगभग 70 से 80 देशों में हिंदी किसी ना किसी रूप में बोली,सुनी या समझी जाती है। भारतीय शोधकर्ता डॉ जयंती प्रसाद ने 2015 में प्रकाशित अपनी शोध रिपोर्ट में हिंदी को लेकर विभिन्न तत्व बतलाए हैं वे बताते हैं "कि अब तक चीनी भाषा मंदारिन को विश्व की सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषाओं के रूप में गिना जाता रहा है। किंतु वर्ष 2015 में प्रसारित रिर्पोट के अनुसार संपूर्ण विश्व में मंदारिन बोले जाने वाले लोगों की संख्या सिफ्र 1100 मिलियन है जबकि हिन्दी बोलने वाले की संख्या लगभग 1300 मिलियन है।"

## विभिन्न देशों में हिन्दी भाषा की स्थिति

इस प्रकार ताजे आंकड़े बताते है कि हिंदी विश्व की प्रमुख भाषाओं में अपना वर्चस्व स्थापित कर रही है इंटेलिजेंस एजेंसी की सीआईए वर्ल्ड फैक्टबुक के अनुसार धरती पर बोले जाने वाली भाषाओं में हिंदी चौथी प्रभावशाली भाषाओं में से एक मानी जा रही है। हिंदी की लोकप्रियता दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। हिंदी भाषा का विस्तार भारत के बाहर देशों में भी बढ़ रहा है। जहां पहले हिंदी प्रयोग में भी नहीं लाई जा रही थी, उन देशों में आज हिंदी किसी ना किसी रूप में बोली समझी जा रही है। फिजी, सुरीनाम, गुयाना, मॉरीशस ही नहीं, बल्कि अमेरिका, कनाडा, फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका आदि देशों में भी हिंदी निरंतर समृद्ध हो रही है। इसके अलावा विभिन्न देशों में हिंदी भाषा और साहित्य पढ़ाया जा रहा है।

हिंदी साहित्य बदलते समय के साथ तकनीकी माध्यम से भी जुड़ गया है। तकनीकी के विभिन्न क्षेत्र जैसे विज्ञान, न्याय, मेडिकल, समाचार पत्र, विज्ञापन, जन संचार के विभिन्न माध्यम से ज्ञान का प्रचार दुत गति से हो रहा है। आकाशवाणी, दूरदर्शन, अनुवाद, सिनेमा, ब्लॉक, वेबसाइट, फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम आदि द्वारा हमें अपनी मातृभाषा में अपने विचार, स्वभाव, विश्वास, संस्कृति, रोजगार को विदेश तक क्षणों में सरलता से पहचानें मे कामयाब हो रहे हैं।

## व्यवहार मे हिन्दी

विज्ञान को हम आज सामाजिक विज्ञान में लेकर आ गए हैं और तो और करोना काल ने सभी विषयों को एक ही साथ खड़ा कर दिया है प्राचीन युग में तो हिंदी में विज्ञान की शिक्षा दी जाती थी तो अब क्यो नहीं स्थानीय भाषाओं में जो विचार आ सकते है वह किसी विदेशी भाषा में तो आने से रहे विज्ञान की पुस्तकों का अनुवाद तो तकनीकी के द्वारा स्थानीय भाषाओं में तो हो रहा है परन्तु वह मशीनी अनुवाद है। मशीनी अनुवाद अच्छा हो सकता है लेकिन वह भाव अनुवाद नही हो सकता। आज बहुत से शब्दों का अनुवाद हो रहा है लेकिन वो मरे हुए अनुवाद जैसा है। हमें कुछ और अनुवाद की आवश्यकता है। तकनीकी में ऐसे शब्दों की आवश्यकता है जो भाषा को सरल, सुगम बनाने में सक्षम हो। आज हम अपनी आजादी का जश्न मना रहे है पर क्या सही मायने में सुकून है, क्या नई शिक्षा नीति हिंदी के व्यवहार की बात खुलकर कर रही है क्या गुणवत्ता युक्त कार्य भी हिंदी में हो रहा है। हमें पाठ्यक्रम का निर्माण करते समय अतीत का आधार, वर्तमान की जरूरत और भविष्य की संभावना को ध्यान में रखना होगा। नई शिक्षा नीति के द्वारा शिक्षा को महत्व दिया जा रहा है वही क्षेत्र गाँव, जनजाति के विकास की भी बात तो करती है पर क्या वो अपनी मातृभाषा में उपलब्ध साहित्य की भी बात करती है।

## मीडिया मे हिन्दी

सिनेमा व मीडिया में हिंदी, गांव की बोली से अंतरराष्ट्रीय भाषा बन कर आज हमारे सामने उपस्थित हो रही है। हिंदी एक गतिमान भाषा है, और गतिमान भाषा कभी नहीं मरती। आज हिंदी को नए नए औजारों की आवश्यकता है जिससे वह नई विश्व भाषा बन सके। कैमरे को हम औजार के रूप में इस्तेमाल कर सकते है क्योंकि कलम की जगह अब कैमरे ने ले ली हैं बॉलीवड, फिल्मे हिंदी का प्रचार बखूबी कर रही हैं। न्यू मीडिया हिंदी की वर्तमान स्थिति में बहुत बड़ा बदलाव लेकर आया है। करोना काल में तो मीड़िया ने रफतार पकड़ी है वो ब्लाग, ई-पुस्तकालय, हिंदी की वेबसाइट हिंदी में इमेज, सभी आज हिंदी में आसानी से उपलब्ध है। न्यू मीडिया के लिए करोना काल एक हथियार के रूप में साबित हुआ। हर घर में मोबाइल है हर व्यक्ति एक रिर्पोटर है वह फोटो लेता है और रील बनाता और सोशल मिडिया पर अपलोड कर देता है जिससे वह अपने भाव विचार, अपनी अभिव्यक्ति अपनी मातृभाषा में जन जन तक पहुंचा रहा है।

आज हम हिन्दी को शिक्षा, सोशल, मीडिया, पत्रकारिता एवं जनसंचार टी0वी0 रेडियो, सरकारी व निजी बैक, न्यायिक सेवा, सिविल सर्विस, रेलवे प्रारूपो में प्रयोग कर रहे हैं रेडियों जॉकी के द्वारा तो हम विश्व के कोने-कोने में पहुच रहे है सिनेमा तो हिंदी का शत-शत उदाहरण है जहा पर शुदध हिंदी का प्रयोग होता है और वह आम आदमी से विदेशियों की दिल मे दिल की भाषा भी बन जाती है हिंदी तो तकनीकी और रोजगार से जुड़ने पर और भी उन्नत हुई है। तकनीक के साथ जुड कर हमें अपनी प्रतिभा का पता चलता है जिससे हमारा आत्मविश्वास बढ़ता है और हम तकनीक के द्वारा नए नए रोजगार के गढ़ को गढ़ते जा रहे हैं।

बालेन्धु शर्मा दधीच के अनुसार तकनीक एक साइलेंट वॉरीयर है क्योंकि हर व्यक्ति के हाथ में टेक्नोलॉजी पहुंच गई है ऑनलाइन हिंदी ने तो शिक्षा और व्यवसाय के नए आयामों के लिए दरवाजे खोल दिए हैं। कारोना काल में तो हिंदी ने इंटरनेट के माध्यम से अपने लिए अनेक वित्त विकल्प सुझाए हैं। फेसबुक, ट्विटर, व्हाट्सएप जैसे प्लेटफॉर्म में हिंदी का दबदबा बढ़ गया है। गूगल और माइक्रोसॉफट जैसे दिग्गज कम्पनी ने भी काम करना शुरू कर दिया है।

ऑनलाइन हिंदी, शिक्षण में सहायक होकर कर नए नए आयामों में रोजगार दिला रही है। आज हिंदी की मांग बढ़ी है हिंदी सभी भाषाओं से ऊपर हो गई है। अंग्रेजी हिंदी से नीचे आ गई है। राजनीति में भी सभी अध्ययन कार्य हिंदी में होने लगे हैं विदेशों में भी हिंदी सीखना की ललक बढ़ गई है विदेशों में हिंदी सीखने का मुख्य कारण क्या है। पहले हम इसकी पडताल करते हैं हम पाते है कि फिल्मी जगत अभी अखबार और समाचार पत्र हिंदी को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहें हैं फिल्मी जगत तो हिंदी के माध्यम से करोडों का कारोबार करता है विज्ञापन के क्षेत्र में विदेशों में भी हिंदी का बोलबाला है विज्ञापन हिंदी के माध्यम से भी आज विदेशों में भारत का दमखम बढ़ता जा रहा है। पहले कहा जाता था कि कमल तलवार से भी कहीं अधिक तेज व प्रभावशाली है परंतु आज कैमरा तलवार से भी तेज हो गया है।

संभावनाएं अपार है हिंदी प्रगति की डगर पर निकल पड़ी है वह भी हिंदी दिल से दिल की भाषा बन कर उभर रही है विज्ञान और तकनीकी युग के साथ हिदी कदमताल करती दिखाई दे रही है। आज हिंदी के बढ़ते चलन और वैश्विक दृष्टि में रोजगार की संभावनाओं को जन्म दिया है। पिछले 10 वर्षों में हिंदीभाषी 10 करोड़ बढ़ गए हैं और 5 सालों में दक्षिण में भी हिंदी सीखने वाले

ISSN: 2581-6241
Impact Factor: 5.146
Publication Date: 31/10/2022

22 प्रतिशत तक बढ़े हैं शब्दकोश में भी शब्दों में भी वृद्धि हुई है जो शब्द 20 हजार थे वह अब बढ़कर डेढ लाख हो गए है इंटरनेट में हिदी 94 प्रतिशत की दर से बढ़ी है आज 68 प्रतिशत लोगों ने हिंदी पर अपना भरोसा दिखाया है।

विश्व पटल पर आज हिन्दी विभिन्न आयामों को गढ़ती नजर आ रही है। इस तकनीकी युग में जब मानव की भौगोलिक दूरिया भी सिमट गई है पर विश्व एक गुरू ग्राम बन गया है व्यापार की सीमाए के देव दवार खुल गए है उदारीकरणे के मूहावरे का प्रचलन गया है। हिन्दी विश्व क्षितिज की ओर तेजी से बढ़ रही है। अब हिंदी की दुनिया बड़ी होती जा रही है जिसके कारण हिन्दी वैश्विक रूप से सभी देशों के दवार पर दस्तक दे रही है। जन आदोलन के साथ ही हिंदी अर्थ की भाषा भी बन कर आगे बढ़ रही है। आज हिन्दी में रोजगार एक स्वप्न है, जिदंगी को बेहत बनाने का इस प्रकार हिंदी सभी क्षेत्रों में अपना परचम लहरा रही है और हमें हिंदी पर गर्व है हिंदी ही हमारी पहचान है क्योकि अब भारत की ही नहीं बल्कि विश्व भाषा बनकर उभर रही हैं अंत हम कह सकते है कि हिंदी विश्व पटल पर आ रही है। हिन्दी के उज्जवल भविष्य के विषय में हमे तनिक भी शंकालु नही होना चाहिए यह एक शुभ संकेत है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :**

1. जनसत्ता- आलोक रंजन-हिंदी भाषा रोजगार 14 सितंबर 2021 संम्पादकीय
2. डाँ शिखा रस्तोगी, हिंदी भाषा में रोजगार के अवसर, सितंबर 2021
3. अमर उजाला-हिंदी है हम संम्पादकीय 2021
4. मंथन पत्रिका
5. टी.आई.डी.एल 1991 टेक्नोलॉजी डेबलपमेंट फॉर इंडियन लैग्वेज मिनिस्ट्री इलेक्ट्रॉनिक एंड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी गवर्नमेंट ऑफ इंडिया
6. जनसत्ता-संजीव पांडे 'चुनौतियों के बीच अक्सर-16 मई 2020 संपादकीय

**Shikshan Sanshodhan : Journal of Arts, Humanities and Social Sciences** ISSN: 2581-6241
Monthly, Peer-Reviewed, Refereed, Indexed Journal Impact Factor: 5.146
Volume - 5, Special Issue - 5, October - 2022 Publication Date: 31/10/2022

DOIs:10.2018/SS/ICLSGM003 --:-- Research Paper / Article

# अस्मितामुलक विमर्श और समकालीन हिंदी दलित कविता

**डॉ. कविता वी. राजन**

सहायक प्राध्यापिका, दी कोचीन कॉलेज , कोच्चि - 02

Email - kavithavrajan@gmail.com

**प्रारूप** : दलित साहित्य दलित चेतना की उपज है और दलित चेतना युगो - युगों से अपनी बुनियादी जरूरतों एवं मानवीय अधिकारों से वंचित जनसमूह की जागृति की उपज है | आत: दलित साहित्य दलितो की आत्मा पहचान और आत्मा सजगता का साहित्य है | दलित साहित्य में समाज के उपेक्षित वर्गों की विसंगति पूर्ण जीवन का अंकन मात्र नहीं है ; बल्कि उसमें अपने शोषण के प्रति जागरूक जनता के आक्रोश , विद्रोह एवं प्रतिरोध भी मुखरित हुए हैं | समाज के उपेक्षिताओं के प्रति प्रतिबद्धता होने के कारण दलित साहित्य उनको मनुष्य का दर्जा तथा सामाजिक बराबरी दिलाने में जोर देते है |

**बीज शब्द** : दलित, विमर्श, समाज, साहित्य, कविता, वेदना ,शोषण, अन्याय, अस्मिता, जातीयता, जागरूकता, प्रतिरोध, विद्रोह, आदि |

दलित -विमर्श जाति-आधारित अस्मिता-मूलक विमर्श है | दलित साहित्य से तात्पर्य दलित जीवन और उसकी समस्याओं को साहित्य के केंद्र में रखकर की गई साहित्यिक आंदोलन से हैं | दलित संबोधन से समाज के पद दलित, अधिकार विहीन, और सामाजिक- धार्मिक उपेक्षा के शिकार असवर्ण का बोध होता है | दलितों को हिंदू समाज व्यवस्था में सबसे निचले पायदान पर होने के कारण न्याय, शिक्षा, सामान, स्वतंत्रता, आदि सभी मानव अधिकारों से वंचित रखा गया था | उन्हें अछूत,या अस्पृश्य माना गया था | इस दलित -वर्ग के सामाजिक- राजनीति उत्थान, समानता व सम्मान के लिए तथा उनके संघर्ष को स्वर देने के लिए कई साहित्यकारों ने अपनी लेखनी चलाई | दलित साहित्य को लेकर रमणिका गुप्ता जी का कथन काफी उल्लेखनीय है, "*दलित साहित्य एक प्रतिबद्ध साहित्य हैं, जो मनोरंजन या स्वांत- सुखाय नहीं लिखा जाकर अपने समाज को जागरूक करने, चेतना का संचार कर उसे परिवर्तन के लिए प्रेरित और संकल्पित करने तथा गैर दलितों और दलितों दोनों की मानसिकता बदलने के उद्देश्य और लक्ष्य को सामने रखकर सिरजा जाता है.......वहां अपने होने को, अपनी पहचान को आत्म सम्मान के साथ जताकर अपनी शक्ति का एहसास करवाने की कुवैत भी रखता है| वह विद्रोह की क्षमता रखता है और बदलाव के लिए मार मिटाने की संकल्प भी लेता है|*"1

दलित साहित्य की चेतना काफी पुरानी है | सितंबर1914 में 'सरस्वती' पत्रिका में हीरा डोम की कविता 'अछूत की शिकायत' प्रकाशित हुई | इसे पहली दलित कविता माना जाता है | लेकिन एक सशक्त काव्य-धारा के रूप में हिंदी में दलित लेखन बीसवीं शताब्दी की देन है | वर्तमान संदर्भ में दलित साहित्य का अपना एक अलग एवं स्वतंत्र अस्तित्व है | साहित्य की अन्य विधाओं की तरह हिंदी कविता में भी दलितों के बहुआयामी जीवन संदर्भों का वास्तविक एवं सशक्त रचनात्मक अभिव्यक्ति देखने को मिलते हैं | सामंती व्यवस्था के चंगुल से पूर्णत: मुक्त न होने के कारण दलित समाज आज भी अस्पृश्यता, जातीयता,

छुआछूत, आदि अनेक समस्याओं से जूझ रहे है | इसलिए दलित चेतना से संबंधित कविताओं में दलितों के खुर्दरे जीवन यथार्थ का मात्र नहीं ; बल्कि उसमें विद्यमान व्यवस्था विरोधी स्वर भी मुखरित होता है | हिंदी दलित कविता के परिदृश्य में आज सैकड़ों लेखक अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं, जैसे - ओमप्रकाश वाल्मीकि, जयप्रकाश कर्दम, मलखान सिंह, कंवल भारती, कंवल सिंह, जयप्रकाश लीलावान, श्योराज सिंह बेचैन, मोहनदास नैमिशराय, असंग घोष, सी बी.भारती, सुशीला टकभौरे, रजनी तिलक, बिपिन बिहारी, रमणिका गुप्ता, सूरजपाल चौहान, कुसुम वियोगी, रविंद्र भारती, सुखबीर सिंह, मुकेश मानस, अशोक भारती, पुरुषोत्तम

सत्यप्रेमी, दया पवार, निशांत, एन आर.सागर, बाबूलाल मधुकर, प्रेम शंकर, रत्नेश कुमार, श्यामलाल शमी, चंद्र कुमार बठरे, नीरा परमार, सोहनपाल सुमन अक्षर, शांति यादव, प्रभाकर गजभिए, मनोहर प्रसाद, गंगाराम परमार आदि |

*''दलित कविता संताप और संघर्ष की कविता है| यह अनुभवों व स्मृतियों की कविता है| यह त्रास की कविता है, न्याय से वंचितों के आक्रोश की कविता है| यह नई इतिहास निर्माण की कविता है| किसी-पीटी लकीर को मिटाकर नए रास्ते की तलाश की कविता हैं, जिसमें विरोध , नकार और बहिष्कार का स्वर प्रमुख है|''* [2] ब्राह्मणवाद, जातिवाद, तानाशाही आदि का सशक्त विरोध इनमें है | हिंदी दलित कविता में सबसे अधिक चर्चित नाम है ओमप्रकाश वाल्मीकि | उनके 'सदियों का संताप' और 'बस ! बहुत हो चुका' आदि आपकी चर्चित रचनाएँ हैं । उनके 'ठाकुर का कुआँ' नामक कविता दलित त्रासदी- पूर्ण जीवन का बयान करती हैं | जैसे-*" चूल्हा मिट्टी का/ मिट्टी तालाब की/ तालाब ठाकुर का/ भूख रोटी की/ रोटी बाजरे की/ बाजरा खेत का/ खेत ठाकुर का/ बैल ठाकुर का/ हल ठाकुर का/ हल की मूठ पर हथेली अपनी/ फसल ठाकुर की/ कुआं ठाकुर का/ खेत-खलिहान ठाकुर के/ गली मोहल्ले ठाकुर के/ फिर अपना क्या? गांव ? देश ?"* [3] दलित जीवन के खुरदरी यथार्थ को कवि एन आर.सागर ने इस प्रकार व्यक्त किया है - *"गिनती में हम हैं तो वोट की खातिर / वरना तो जी रहे हैं, सर्वनाम की तरह"।*[4] सामाजिक उत्थान में सवर्णों के समान दलितों व हाशिएकृत की भी अपनी अहम भूमिका रही है | लेकिन अशिक्षा के कारण दलित सदियों से अपनी आत्म पहचान खो रखे थे | इसी ही कारण से दूसरों द्वारा हो रहे शोषण को न पहचान कर, उसे अपनी नियति मानते रहे | जयप्रकाश कर्दम पूछते हैं आखिर कब तक एक कीड़े की तरह जिएंगे | *"कब तक रोती रहेंगी आंखें / कब तक आखिर कब तक / कब तक घुटती रहेंगी सांसें / कब तक आखिर कब तक ? / दलित रूप में जन्म लिया / जब से हमने धरती पर / नित्य अनादर, घृणा का विष / पीते आए अब तक ।"* [5] लेकिन धीरे-धीरे उसमें चेतना का संचार हुआ, वे आत्म-पहचान करने लगे और अपनी खामियों और खूबियों की पड़ताल करने लगे तो समझ लिया कि दलितों की सबसे बड़ी कमी उनकी चुप्पी थी | *"बस्तियों से खदेड़े गए / ओ, मेरे पुरखों / तुम चुप रहे उन रातों में / जब तुम्हें प्रेम करना था / आलिंगन में बांधकर| अपनी पत्नियों को|"* [6] ओमप्रकाश वाल्मीकि की यह पंक्तियां अपनी चुप्पी के कारण उन्हें क्या कीमत चुकानी पड़ी है की ओर संकेत करती है | इस आत्म-पहचान ने तो दलितों में इतना विश्वास भर दिया है कि *"मैं जानता हूं / चुप रहना / इतना महंगा पड़ा है|"* [7] उनकी 'बाहर आएंगे एक दिन' कविता दलित समाज में व्याप्त शोषण की पहचान की ओर संकेत करती है | *"काले पृष्ठों पर अदृश्य लहू की गंध / पहचान लेंगे एक दिन / यह भूखे-प्यासे बच्चे / बाहर आएंगे एक दिन / बंद अंधेरी कोठरियों सी कच्ची माटी की गंध / सांसो में भर कर|"* [8] उनमें आत्मविश्वास इतना बढ़ गया है कि, मोहनदास नैमिशराय लिखते हैं - *"कल मेरे हाथ में झाड़ू था / आज कलम / कल झाड़ू से मैं तुम्हारी गंदगी हटाता था / आज कलम से मैं तुम्हारे भीतर की गंदगी धोऊंगा|"* [9] यहां कवि आशा करते हैं कि अपनी लेखनी से सवर्ण वर्ग के संकुचित सोच में बदलाव ला सकेगा |

दलित साहित्य का मूल स्वर प्रतिरोध का ही है | यह प्रतिरोध जाति व्यवस्था के प्रति भी है | जाति के आधार पर सुख और सम्मान प्राप्त करने वाले सवर्ण वर्ग जाति का निराकरण करने की अपेक्षा उस पर गर्व करता है और दलितों के साथ अन्याय उपेक्षा और अस्पृश्यता का व्यवहार करते हैं | जाति व्यवस्था के इस निंदनीय रूप का चित्रण कवि, कंवल भारती ने अपनी कविता 'हिंदू-राष्ट्र' में किया है -*"विषमता पूर्ण धर्म यहां / राष्ट्रपति, संविधान से, व्यक्ति से / मानवता से बड़ा है / शोषणकारी, अन्याय प्रिय, विघटनकारी वर्ण व्यवस्था का महानतम|"* [10] यह साहित्य भारतीय वर्ण व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगाती है | ओमप्रकाश वाल्मीकि जी अपनी 'जाति' नामक कविता में कहते हैं कि सवर्ण वर्ग का स्वर्ग हमारे लिए स्वीकार्य नहीं है, क्योंकि मरने के बाद वहां भी मेरी जाति के अनुसार ही मैं पहचान पाओगे | यह दलित कवि अस्पृश्य -संवेदना पर अपनी असंतुष्टि और असहमति प्रकट करते हैं | अस्पृश्यता को वे सांप से भी ज़हरीला मानते हैं | कवि सुखबीर सिन्ह की एक लंबी कविता है 'बयान-बाहर' | कवि यहां इशारा करते हैं कि शायद मरने के बाद भी दलितों को अस्पृश्यता का शिकार होना पड़ेगा | *"ओ मेरे गांव / तेरी जमीन पर / घुट्टी-घुट्टी सांसों के साथ / पा लेना पड़ता है अलग-थलग सांसों के साथ / लड़खड़ाते कदमों से / चलना पड़ता है अलग-थलग / मरने के बाद भी / चलना पड़ता है अलग-अलग ।"* [11] उनकी 'खामोश आहट' शीर्षक कविता काफी चर्चित रही हैं | इसमें वे अपनी न्याय की मांग करते है | थोड़ा-सा न्याय चाहिए, जीने का हक चाहिए | हवा, पानी, सुख, चैन, रोशनी आदि चाहिए | यहां तक कि उनका बचपन तक का निषेध किया जाता था | कवि अपने कटु अनुभवों को शब्दबद्ध किया हैं कि- *"मैं जला हूं / असंख्य लाक्षागृह में / भोगी है नग्न वेदना / द्रोपदी चीर- हरण की ।"* [12] लेकिन कवि अब प्रतिशोध और विद्रोह की चिंगारीयों को भटकाना चाहते हैं | क्योंकि यह उपेक्षित वर्ग कल अपने हक के लिए लड़ने वाले हैं और एक रक्तरंजित महाभारत का इतिहास रचने वाले हैं । वह भी धर्म या न्याय -युद्ध ही रहेगा

| कवि कहते हैं- *"रक्तरंजित खड़ा मैं/ सुन रहा हूं खामोश आहट/ आने वाले महाभारत की।"*[13] वाल्मीकि जी के लिए कविता जीवन की अदम्य लालसा और पीडाओं की अभिव्यक्ति है, जो जीवन की विद्रूपताओं से जूझने का हौसला देती हैं |

सामाजिक अन्याय एवं अस्मिता का शिकार होने के कारण दलित कवि परंपरागत विश्वासों एवं धारणाओं को नकारते है | गीता, धर्म, पुराण, इतिहास, ईश्वर आदि के मामले में दलित साहित्यकारों की दृष्टि में काफी अंदर है | कई बातों से वे सहमत नहीं है | इसलिए मोहनदास नैमिशराय कहते हैं-*"तुम धूर्त और व्यभिचारी हो/ मैं भुक्तभोगी हूँ/ तुमने गंदगी फैलाने के लिए/ वेद/ पुराण / मनुस्मृति का सहारा लिया/ कल उन्हें जलाने का/ मुझे अधिकार न था/ मैं उन्हें जलाऊँगा/ अकेले मनुस्मृति जलाने से/ समाज की जडता पर कुछ होने वाला नहीं/ तुम्हारे भीतर की बेशर्म संस्कृति/ के बीच पली-बढ़ी/ ब्राह्मणी 'कंप्यूटराइजड मेमरी' को/ ध्वस्त करना होगा/ तब तुम कदापि नहीं कह सकोगी/ कि वेद की रचना ईश्वर ने की है/ हाँ किसी भड़वे ने जरूर की होगी/ हो सकता है यह भड़वे ही/ ईश्वर बन गया हो/ या ईश्वर भडवा|"*[14] कवि ने धार्मिक ग्रंथों को नकार कर उसे जलाने और ईश्वर के अस्तित्व एवं ब्राह्मणवादी कंप्यूटराइज़ड मेमोरी को खत्म करने की बात की है |

समकालीन दलित कवित्रियों में रमणिका गुप्ता का महत्वपूर्ण स्थान है | उनकी कविता 'अब मुर्ख नहीं बनेंगे हम' काफी चर्चित रही है | कविता की पंक्तियां हैं- *" एक शब्द गीता/ सब्र का जहर/ संतोष की अफीम/ भाग्य का चक्रव्यूह/ निष्काम प्रेम का नशा/ परिश्रम के/ फल वंचित रखने की साजिश/ परजीवी जवानों का/ सर्जक/ निठल्ले लोगों का स्वर्ग /"*[15] दलित कविता में ऋषि शंबूक दलित चेतना के एक महानायक है | दलित कवि शंबूक की हत्या को मात्र शूद्र ऋषि की हत्या नहीं ; बल्कि दलित चेतना की हत्या के रूप में देखते है | कंवल भारती, की 'शंबूक' शीर्षक कविता में शंबूक की हत्या को दलित चेतना से जोड़कर अभिव्यक्त किया है कि *"शंबूक...तुम्हारी हत्या/ दलित चेतना की हत्या थी/ स्वतंत्रता, समानता और न्याय-बोध की हत्या थी/ किंतु...शंबूक/ तुम आज भी सत्य हो/ आज भी दे रहे हो शहादत/ सामाजिक परिवर्तन के यज्ञ में।"*[16] उन्होंने अपनी 'तब तुम्हारी निष्ठा क्या होती' कविता-संग्रह में भूखी चिड़िया को दलितों के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया है और उसके माध्यम से युग-युगांतर से भोगी हुई वेदना की अभिव्यक्ति भी किया है | कवि केअनुसार चिड़िया भूखी होने से अधिक चिड़िया होने से पीड़ित है | उसके लिए चिड़िया होना ही एक अपराध है, जैसे कि दलित होना अपराध माना जाता है | कंवल भारती की 'चिड़िया, जो मारी गई' कविता की पंक्तियां है- *" चिड़िया भूखी थी/ इसलिए गुनहगार थी/ मारी गई वह चिड़िया/ वह भूखी थी/ लेकिन गोरख पांडे ने गलत लिखा था/ वह चिड़िया भूख से नहीं/ चिड़िया होने से पीड़ित थी..... वह कैसे जानता/ गरीबी नहीं/ सामाजिक बेइज्जती अखरती है ? वह कैसे जानता है/ वह चिड़िया थी इसलिए गुनहगार थी/ चिड़िया जो मारी गई|"*[17] जयप्रकाश कर्दम 'किले' नामक कविता में असमानता और अन्याय के सारे किलो को तहस-नहस करना चाहते हैं | वे पहचानते हैं कि दलितों की यातनाओं के फानूसों से अमीर लोग अपना महल सजाए रखे हुए हैं | उनकी हवेलियों की भित्तियों पर शोषितों के दमन और सहन की गाथाएं खुदी हुई हैं | *" इनके चयन कक्षाओं में बिखरे हैं/ मेरी बहनों और बेटियों की/ रौंदी गई अस्मिता के निशान, और/ उनकी रंग शालाओं में गूंजता है/ मेरी वेदनाओं का संगीत|"*[18] आज के साहित्यकार विप्लव के लिए, विद्रोह के लिए उद्यत हो जाते हैं | वे किसी भी तरह का अपमान, अन्याय या उत्पीड़न सहने को तैयार नहीं | इंट का जवाब पत्थर से देने के लिए वे तुले हुए हैं | जयप्रकाश कर्दम 'किले' में कहते हैं -*" लेकिन अब/ फड़कने लगी है मेरी भुजाएं और/ बुलबुल आने लगी है/ फावड़ा कुल्हाड़ी और हथोड़ा पकड़े/ मेरे हाथ, काट फेंकने को/ उन हाथों को, जिन्होंने/ बरसाए हैं अनगणित कोटे/ मेरी नंगी पीठ पर|"*[19] दलित कविता के क्षेत्र में सुशीला टकभौरे का विशेष स्थान है | दलित चेतना के साथ-साथ नारी चेतना को भी सशक्त ढंग से उन्होंने प्रस्तुत किया है | उनकी पीड़ा, व्यथा, शोषण और उसके खिलाफ नारी की जागृति को बखूबी ढंग से उन्होंने अंकित किया है | 'स्वाति बूंद और खारे मोती', 'यह तुम भी जानो, 'तुमने उसे कब पहचाना', 'हमारे हिस्से का सूरज' आदि उनके चर्चित काव्य संग्रह हैं | 'स्वयं को पहचानो' कविता में कवयित्री समाज के दमित वर्ग को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी- *"क्योंकि/ तुम में निष्ठा है अपने समाज के प्रति/ शक्ति है संघर्ष की/ युक्ति है संगठित होकर आगे बढ़ने की/ तुम सर्वशक्तिमान हो|"*[20] जहां 'तुम' कविता में वे युग की मांग की पहचान कर जन-हित के लिए नया इतिहास रचने की बात करती हैं, वहां 'हमारे हिस्से का सूरज' में क्रांति का आह्वान करती है | समाज में एक स्वच्छ परिवर्तन की उम्मीद में वे रहती हैं | उनका मानना है कि उदारीकरण, निजीकरण और भूमंडलीकरण के इस युग में केवल दलित होने के कारण पीढ़ी-दर-पीढ़ी गरीबी और गुलामी में रहना ठीक नहीं | अपार आस्था के साथ वे कहती हैं- *"लाख कोशिशों की है दुश्मनों ने/ हमारे हिस्से के सूरज को टांगने की| फिर भी/ चमका है दुनिया की औकात में/ हमारा क्रांतिसूर्य| "*[21]

समकालीन महिला लेखन में रजनी तिलक की अलगअस्मिता है|'पदचाप'उनका प्रमुख काव्य संग्रह है| वे नारी मुक्ति आंदोलन , दलित,महिला और मानवअधिकारआंदोलन में सक्रिय रही है| इसलिए उनकी कविता में नारी अस्मिता की तलाश मात्र नहीं ; मुक्ति का आग्रह भी है | रजनी जी का मानना है कि रामायण काल से लेकर आधुनिक काल तक पुरुष वर्चस्व ने नारी के भाग्य को लेकर खेला है | कविता में लेखिका ने दर्शाया है कि नारी का उत्पीड़न आनंद है यहां की छोटी बच्ची भी उस से मुक्त नहीं है- *"सीताओं को / आज भी स्टाव से जलाया जाता है / मासूम कलियों को खिलने से पहले / बचपन में ही लूटा जाता है / कोमल, मधुर मुस्कान को / वासना की आग से सींचा जाता है / रामायण हो, महाभारत हो / या आधुनिक भारत / हर समय स्त्री के जज्बात से खेला जाता है |"* [22] रमणिका गुप्ता भी हिंदी लेखकों में प्रतिष्ठित नाम है | गीत अगीत', 'अब और तब', 'खूंटे', 'आम आदमी के लिए', 'प्रकृति युद्ध रत है', 'कैसे करोगे बटवारा इतिहास का' आदि आपके चर्चित काव्य संग्रह है | उन्होंने अपनी 'प्रतिरोध' नामक कविता में अन्याय के खिलाफ प्रतिरोध का आह्वान किया है | *"हमने तो कलियाँ माँगी ही नहीं / काँटे ही माँगे / पर वो भी नहीं मिले / यह न मिलने का एहसास / जब सालता है / तो काँटों से भी अधिक गहरा चुभ जाता है / तब / प्रतिरोध में उठ जाता है मन- / भाले की नोकों से अधिक मारक बनकर |"* [23] शोषण के विभिन्न नज़ारों को देखकर सी.बी भारती का कवि मन काफी बेचैन हो उठा | 'सियासत', 'सिसकता आत्म सम्मान', 'दूरियां' आदि उनकी चर्चित रचनाएं हैं | जयप्रकाश लीलावान की कविता 'दमन में दैनिकी' में वे समानता पर आधारित जाति-विहीन समाज की कल्पना करते हैं- *" हमारे लिए / देश का अर्थ / भाईचारे की कसमें निभाते हुए / जातियों के जंगल जला दिए जाने की मंजिल पर / चाव-भरे कदमों के साथ / चलने का सफर होता है |"* [24] भारतीय संविधान में देश के प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार प्रदान किए गए, लेकिन दलितों को उनके अधिकार अभी तक नहीं मिले इसलिए दलित कवि पूछते है-*" उत्पीड़न की जंजीरों में / यू कसा-फसा सदियों से / मैं मुर्दा हूं, ना ही जी सकता / मेरे मौलिक अधिकार कहां है ?|"* [25] दलित किसी भी रूप में अपने अधिकार छोड़ने के लिए तैयार नहीं है | अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने के लिए वे कमर कसे हुए हैं | अधिकार भी समग्रता में चाहिए, पूरी संभावनाओं के साथ | जैसे- *"छत का खुला आसमान नहीं / आसमान की खुली छत चाहिए / मुझे आनंद आसमान चाहिए |"* [26]

दलित कविता का स्पष्ट मत है कि *"हमें आदमी चाहिए / और आदमियत चाहिए"* |[27] मनुष्यता समाज में शांति, श्रद्धा, सद्भाव और अस्तित्व का आधार है | मनुष्यता होगी तो दलितों की जीवन का अधिकार मिलेगा उसके अंदर आत्मविश्वास पैदा होगा उसके जीवन में सूरज उगेगा दलित कविता को इस अंधकार की मिनी और सूरज के उगने का पूरा भरोसा है इसलिए दलित कवि कहता है *"हम सुबह के वास्ते आए हैं / हम सुबह जरूर लेकर आएंगे|"* [28]

दलित कविता का मूल स्वर दलित पीड़ा ही है | व्यवस्था के प्रति उनके आक्रोश और न्याय की मांग भी उसमें विद्यमान है | सडी-गली मान्यताओं व परंपराओं के बंधन की जंजीरों को तोड़ना वे चाहते हैं | निश्चय ही दलित कविता हिंदी कविता के क्षेत्र में एक नए सौंदर्य बोध के साथ खड़ी है | विषय, विचार और विस्तार सभी दृष्टियों से दलित कविता हिंदी कविता को समृद्ध किया है | दलित कविता असल में दलितों को इंसान का दर्जा देने का संघर्ष लड़ती है | जयप्रकाश कर्दम ने सही कहा है "दलित कविता ने समाज के जड़चेतना के तालाब में कंकड की तरह गिरकर उसको तरंगित करने का काम किया है | यही वह बिंदु है जिसे किसी भी समाज की चेतना में बदलाव का प्रस्थान बिंदु कहां जा सकता है | इसलिए दलित विमर्श समकालीन कविता में सार्थक और आवश्यक हस्तक्षेप हैं |"[29]

दलित कविता दलित शोषण के मूल कारणों की पड़ताल करती है, साथ ही शोषण के खिलाफ आवाज भी बुलंद करती है और समाज को दलित समाज को सदियों की गुलामी से मुक्ति दिलाने का अथक परिश्रम ही करती हैं | दलित कभी अपनी कविताओं में दलित जीवन के अंदरूनी यथार्थ को टच करके अपनी श्रद्धा को अमानत करते हैं | जाति के नाम पर समाज में रही सारी विषमताओं के खिलाफ माननीय सोच को जताना दलित साहित्य का असली मकसद रही है |

**निष्कर्षत:** कह सकते है कि दलित कविता समष्टि की कविता है | यह कविता दलितों की वेदना, उत्पीड़न, शोषण का पुल आधारित है यह का विवाह अनुभव की तीव्रता में लिखी है दलितों में आता पहचान का भाव जागृत करने वाली कविता और परंपराओं का एक नया इतिहास रचना चाहती है उनकी आवाज स्वतंत्रता और भाईचारे के लिए गूंज उठती है जैसे कि ओमप्रकाश वाल्मीकि ने लिखा है कि *"दलित साहित्य अपने समय से लड़ते हुए आने वाले कल की बेहतर जिंदगी के लिए आशावादी हैं* |"[30]

**संदर्भ सूची :**


1. रमणिका गुप्ता (संपादक), दलित हस्तक्षेप, पृ.105, शिल्पयान प्रकाशन, 2004
2. डॉ. एन. मोहनन,( संपादक), अनुशीलन : दलित साहित्य विशेषांक, हिन्दी विभाग, कोच्ची विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरवरी 2011,पृ:177-178
3. ओमप्रकाश वाल्मीकि, सदियों का संताप, पृ: 3
4. एन. आर.सागर, आजाद है हम, संगीता प्रकाशन, 1996, पृ: 15
5. जयप्रकाश कर्दम, कब तक, www.kavitakosh.org
6. ओमप्रकाश वाल्मीकि, बस्स ! बहुत हो चुका, वाणी प्रकाशन, 1997, पृ: 14-15
7. वही, पृ.31
8. वही, पृ.78
9. कंवल भारती (संपादक), दलित निर्वाचित कविताएं, साहित्य उपक्रम, 2008, पृ :107
10. डॉ. पुरुषोत्तम सत्यप्रेमी, अलगाव की चोट, विकल्प प्रकाशन, 1999, पृ :29
11. सुखवीर सिंह, बयान- बाहर, शरद प्रकाशन, 2016, पृ.81
12. ओमप्रकाश वाल्मीकि, खामोश आहट, www.kavitakosh.org
13. वहीं
14. सूरज बडत्या (संपादक), भारतीय दलित साहित्य का विद्रोही स्वर, रावत प्रकाशन, 2008, पृ :46
15. रमणिका गुप्ता, अब मुर्ख नहीं बनेंगे हम, अभिरुचि प्रकाशन, पृ. 1997
16. कंवल भारती, तब तुम्हारी निष्ठा क्या होगी, बोधिसत्व प्रकाशन, पृ.1996, पृ. 49
17. कंवल भारती, चिड़िया जो मारी गयी, बोधिसत्व प्रकाशन, पृ.51
18. जयप्रकाश कर्दम, गूँगा नहीं था मैं, विकल्प प्रकाशन,1999, पृ.41
19. वहीं, पृ.41
20. सुशीला टकभौरे, हमारे हिस्से का सूरज, शरद प्रकाशन, 2000,पृ.11
21. वहीं, पृ.16
22. रजनी तिलक, खेला जाता है, सेंटर फोर आल्टरनेटिव दलित मीडिया प्रकाशन, 2000, पृ.41
23. रमणिका गुप्ता, प्रतिरोध, www.kavitakosh.org
24. जयप्रकाश लीलावान, नए क्षितिजों की ओर, अनामिका प्रकाशन, 2009, पृ.77
25. जयप्रकाश कर्दम, गूँगा नहीं था मैं, विकल्प प्रकाशन, 1999, पृ.46-47
26. सुशीला टकभौरे, स्वाति बूंद और खो मोती, शरद प्रकाशन, पृ.1
27. मनोज सोनकर, शोषितनामा, शुभदा प्रकाशन, 1983, पृ.95
28. श्योराज सिंह बेचैन, नई फसल और कुछ कविताएँ, वाणी प्रकाशन, 2001, पृ.3
29. जयप्रकाश कर्दम, सामकालीन हिंदी कविता और दलित चेतना, पृ.1, www.hindisamay.com
30. ओमप्रकाश वाल्मीकि, दलित साहित्य का सौंदर्यशास्त्र, राधाकृष्ण प्रकाशन, 2005, पृ.20

ISSN: 2581-6241
Impact Factor: 5.146
Publication Date: 31/10/2022

DOIs:10.2018/SS/ICLSGM004 --:-- Research Paper / Article

# मराठी साहित्यातील वडार लोककथांचे वडार बोलीतील दस्तऐवजीकरण

[1] **Mrs. Vijayalaxmi Vijay Devagoji,** [2] **Dr. Manisha Nesarkar**
Research Scholar, Rani Channamma university, Belgavi.
Email - vijayalaxmivd@gmail.com

**Abstract ( सारांश ) :** लोप पावत चाललेल्या भाषेचे दस्तऐवजीकरण केल्यास त्या भाषेचे संवर्धन करता येते म्हणून ज्या लोककथा व लोकगीतांच्या माध्यमातून वडार संस्कृतीची जी ओळख होते त्या लोककथांचे दस्तऐवजीकरण केल्यास वडार बोलीभाषा संवर्धित होण्यास मदत होईल.

**Keyword ( बीजशब्द ) :** लोककथा, वडार समाज, सांस्कृती, शाप, वरदान, वडार बोलीभाषा, दस्तऐवजीकरण

**Purpose ( उद्देश )**

वडार समाजातील लोककथा व लोकगीते हा एक अनमोल ठेवा आहे आणि हे लोकसाहित्य मौखिक असल्याकारणाने काळाच्या ओघात नष्ट होण्याची भीती व्यक्त होत आहे. असे म्हटले जाते की जेव्हा एखादी भाषा व्यवहार भाषा बनते तेव्हा ती जिवंत राहते अन्यथा ती मरण पावते. वडार समाजातील नवशिक्षितानी वडार बोली व्यवहारात न आणल्याने ती नष्ट होण्याच्या मार्गावर आहे. आजची तरुण पिढी या बोलीपासून कोसो दूर गेल्यामुळे ही भाषा जिवंत ठेवायचे असेल तर या भाषेतील लोकसाहित्याचे दस्तऐवजीकरण करून ठेवणे गरजेचे आहे.

**Preface ( प्रस्तावना )**

२०१९ साल हे बोलीभाषा वर्ष म्हणून साजरे केले गेले पण मला वाटतं, कधीतरी फक्त वर्ष साजरी करून भाषा टिकत नाही तर ती सातत्याने व्यवहारात आणावी लागते. आजकालची शिक्षित होत असलेली तरुण पिढी आपली बोलीभाषा बोलण्यास शरमते. इतर समाजाच्या बोलींचे अनुकरण करू पाहते ही अत्यंत खेदाची गोष्ट आहे. आज जगात अनेक बोलीभाषा नष्ट होण्याच्या मार्गावर असल्याचे तज्ञांचे मत आहे त्यामुळे मनात कुठेतरी असे वाटत गेले की सर्व बोलीभाषा टिकल्या पाहिजेत, जगल्या पाहिजेत आणि त्यासाठी काहीतरी करावे या विचाराने माझ्या बेळगावी बोलीभाषेतील शब्दसंग्रहाचे संकलन करीत असतानाच पीएचडी प्रबंधासाठी 'मराठी साहित्यातील वडार समाज जीवनाचे चित्रण' हा विषय मिळाला आणि त्या अनुषंगाने पुणे, अहमदनगर, सातारा, गडहिंग्लज, कोल्हापूर, लातूर, बार्शी,सोलापूर,उमरगा,भालकी, बेळगाव इत्यादी ठिकाणी क्षेत्रीय कार्याच्या निमित्ताने भेट दिली असता असे लक्षात आले की घरातील ज्येष्ठ व वृद्ध मंडळीनाच फक्त वडार बोलीभाषा बोलता येत होते व तरुण पिढी प्रमाण मराठी भाषेत बोलत होती त्यांना आपली स्वतःची वडारबोली येत नव्हती. बहुतांश मुलांचे शिक्षण मराठी व इंग्रजी माध्यमातून होत होते. अनेक तरुण मंडळींना आपल्या समाजाचा इतिहास काय आहे? आपले पूर्वज कोण होते? आपले मूळ स्थान कुठे होते? याची जरादेखील माहिती नव्हती. त्याच प्रमाणे आजी,आई, सासू चोळी घालीत नव्हत्या त्या पाठीमागे सीतेचा शाप आहे एवढीच माहिती प्रत्येक स्त्रिया देत होत्या. उजव्या हातात काचेच्या बांगड्या न घालण्याचे कारण सांगताना त्या म्हणायच्या कि डाव्या हातात बांगड्या भरून झाल्या आणि उजव्या हाताला बांगड्या आणायला गेलेला कासार परत आलाच नाही त्यामुळे उजव्या हातात काचेच्या बांगड्या नाहीत. एवढीच माहिती मिळाली. पीएचडीच्या अभ्यासासाठी संदर्भग्रंथ हाताळताना या समाजातील अनेक दंतकथा, वडार लोककथा व लोकगीतांचा खजिना हाती गवसला.लोककथा व लोकगीते शिंपल्यातील मोत्याप्रमाणे हाती लागली पण ती विखुरलेल्या स्वरूपात होती. यातील वडार लोकगीते हि वडारबोली मध्ये व लोककथा प्रमाण भाषेतून होत्या त्यामुळे या कथा वडार बोलीभाषेत अनुवादीत करून त्यांचे दस्तऐवजीकरण केल्यास भावी पिढीला आपल्या समाजाविषयीचा इतिहास, समाज संस्कृती यांचे ज्ञान होईल या विचाराने मग या विविध लोककथांचे व लोकगीतांचे वेगवेगळ्या ग्रंथातून संकलन केले.

**Review ( समीक्षा )**

वडार बोलीने आपले वेगळेपण आणि वैशिष्ट जपत वडार संस्कृतीची एक वेगळी ओळख निर्माण केली आहे परंतु आज ती जागतिकीकरणाच्या रेट्यात नष्ट होऊ पाहत आहे. त्या बोलीला आणि संस्कृतीला जतन करण्याचे काम वडार समाजातील नवशिक्षित तरुणांचे आहे. समाजाची ओळख टिकवायची असेल वडार बोलीचे दस्तऐवजीकरण करून ते पुढील पिढीच्या हाती सुपूर्द करणे अत्यंत गरजेचे आहे.सदर शोधनिबंधातून हा या बोलीभाषेचा वेध घेण्यात आला आहे.

**Research Method ( संशोधन पद्धती )**

सर्वेक्षण , मुलाखती, ग्रंथालय

**Subject Matter (विषय विवेचन )**

**वडार (समाज वांशिक उदगम कथा )**

वांशिक मूळ दाखविणाऱ्या दंतकथा प्रदेश निहाय वेगवेगळ्या आहेत थर्स्टन या इंग्रज अधिकाऱ्याने मध्य व दक्षिण भारतातल्या काही कथांची नोंद घेऊन आपल्या अहवालात त्याची नोंद केली आहे.

**शंकर पार्वती शाप**

कर्नाटक मध्ये वडार जमात हि शिवपार्वती यांचे पासून उत्पन्न झाल्याची कथा सांगण्यात येते ती याप्रमाणे: शंकर व पार्वतीला भूलोकीच्या प्रवासात तहान लागते तेव्हा शंकराने आपल्या धर्मबिंदूना पुरुषाचे रूप देऊन त्याच्या हाती कुदळ फावडे दिले, पार्वतीने आपल्या घामापासून टोपली घेतलेली स्त्री उत्पन्न केली व दोघांना विहीर खोदून पाणी आणायला सांगितले .पाणी दिल्यावर शंकराने काही मौल्यवान वस्तू भेट दिल्या पण त्याने या जोडप्याचे समाधान झाले नाही त्यांनी तक्रार केली, तेव्हा शंकराने रागाने या जोडप्याला शाप दिला की" इथून पुढचे तुमचे संतान घाम गाळूनच आपले पोट भरेल" .म्हणजेच श्रमाचा मोबदला जास्त मीळावा या त्यांच्या स्वभावधर्माची व व्यवसायाच्या दैवीकरणा बरोबरच त्यांच्या मेहनतीची व कष्टप्रद जीवनाची ओळख होते.

**शंकर पार्वतीन श्राप**

**( वडार बोली )**

कर्नाटक देशामला वडडाल दी जनमाम शिव - पार्वती इचका आयंडाद इला आंटार आधी कथा इला उंडाद: शंकर पार्वतीद भूमी तिर्गिदिक पृथ्याम मिंदा वचिनडिर आपुड वार इदार कि, नेळ दुफाक आयंड्या .मग शंकर देवार वान धर्मबिंदुता वगा माणशी तयार शेसताड आणि हा माणशी शेतला वगाट कुदळ आणि सनख्या इस्ताड, मग पार्वती देवार अम्मा बी वगाट अंडीद तयार शेसताद आणि हा आंडीदान शेतला वगाट गंपा इसताद .मग वार इदार की , वगा बाय तोवी नेळा येतकोवदेक शपतार . नेळ येतकोन इचिन बाद दयावार वार इदार की संगेम बंगार बिसका इस्ताद .पण वार इदारदि काडपू येम निंडाद, वार दयावार मींदा आलगुतार .मग द्यावार की, शिटु वस्ताद .द्यावार शिटू - कोफामला वार इदार की इला सापान इस्ताड .की," इनदूनिट मुंदरकी मिक या बिळ - बिस्काल फुट्यार वार आंदरकी गमाम रालफी ने काडपु निंपा बेक".

**बाल नागम्मा**

थर्स्टनने आपल्या अभ्यासपूर्ण अहवालात राणी बालनागू अथवा बालनागमाच्या कथेचा उल्लेख केला आहे .हि कथा दक्षिण भारतातील आंध्र, कर्नाटक व महाराष्ट्र या राज्यांसह विशेषतः तेलंगणा राज्यात फार प्रसिद्ध आहे.

तेलंगणा राज्यातील गुलपट्टन येथील ओडे राजाची राणी बालनागमा अतिशय सुंदर होती .त्यांना रामुडी नावाचा एक पुत्र होता.बालनागमाच्या सौंदर्यावर मोहित होऊन एक फकीर तिचे अपहरण करतो व जंगलातील गुहेत तिला लपवून ठेवतो . राणीने गळ्यातील मोत्यांचा हार तोडून एक एक मोती टाकला होता त्याचा माग घेत राजा आपल्या भाई बंधासह तेथे येऊन पोहोचला . तेव्हा त्या फकिराचे सोंग घेतलेल्या जादूगाराने आपल्या जवळील जादूची कांडी फिरवून त्यांना दगड बनवले .रामुडीचा सांभाळ त्याची आत्या करीत होती .बारा वर्षाचा झाल्यावर त्याने आपल्या आई-वडिलांचा शोध घेतला व आईची भेट घेऊन जादूच्या दोन कांड्या मिळविल्या व फकिराचा वध केला,आईची सुटका केली .त्या दोन कांड्यापैकी एका कांडीचा वापर करून) जी माणसे जिवंत करण्याची होती (आपले वडील व चुलत्यांना जिवंत केले .रामुडी मोठा होऊन त्याचा विवाह झाला व तो राजा बनला तेव्हा राज्य विस्ताराच्या लोभाने संपर्कात आलेल्या प्रत्येकाला तो दगड बनविणाऱ्या जादूच्या कांडीने दगड बनवू लागला आणि स्वर्गात जाण्यासाठी त्या दगडाची शिडी बनवू लागला हे पाहून देवाने त्याला शिडीसह ढकलून दिले .त्या शिडीचे तुकडे तुकडे झाले, रागाने देवाने त्याला शाप दिला" यापुढे तू आणि तुझे वंशज जमिनीतून दगड काढतील व फोडत बसतील "तेव्हापासून वडार लोकांच्या नशिबी दगड फोडण्याचे काम आले असा समज आहे .बारा वर्षे पर्यंत रामुडीच्या चुलत्यांच्या बायकांनी वैधव्यपण भोगले .एक तप हातात बांगडी व अंगात चोळी घातली नव्हती .एका तपानंतर आपले पती जिवंत होऊन परतले तेव्हा त्यांनी पुन्हा विवाह केला व फक्त डाव्या हातात काचेच्या बांगड्या व उजव्या हातात कासेच्या किंवा पितळी बांगड्या परिधान केल्या .चोळी मात्र पुन्हा घातलीच नाही .राणी बालनागम्माला आदरांजली म्हणून वडार स्त्रिया चोळी घालीत नव्हत्या आता ती परिस्थिती नाही परंतु काही वृद्ध स्त्रिया आताही चोळी घालीत नाहीत व हातात काचेच्या बांगड्या न घालता कासेच्या अथवा पितळेच्या घालतात .रामुडीची ही कथा वांशीक उदगम बरोबरच स्त्रियांचे पोषाख आणि आभूषणे याविषयी देखील निगडित आहे .

**राणी बालनागु**
**( वडार बोली )**

इदि कथा दक्षिण भारतालीन आंध्र, कर्नाटक , महाराष्ट्र देश्यामला आलेच तेलंगणा देशम्म ला सना गाजासनेद उंडाद. तेलंगणा देशम ला गुलपट्टन इंदुड ओडे राज्यान दि राणी बलनागमा सना रुपुक उंड्या .वारकी रामुडी फेरटोड मगबिडा उंड्या . बलनागमाद रूप सुशी वगा गोसमोड दान एतकेन फोताड आणि वगा कोंडा गुफाला दासी फेटताड .राणीद दान गोंतुलोन मोतीलाद हार तेंपिगास दावता वगट वगट राळफिस्केन फोईनेद उंटाद .हाई मोतील येरकेन येरकेन राज्याड वान तामुल, सैन्य येतकेन हा कोंडा देगरा पोहचास्तड .मग वाड गोसामोड वगा जादूगर उंटाड वान देगार जादू कडी तिपिगस वार आंदरणी राय बना मोतताड . रामुडीन वान मेनात्ता संभालास्तूनटाद .वाड फदीरोंड यनलोड आईनका मना यबान यामान फुडकिदेक फोतड .आपुड आम्मद गांटू फडताद मग वाड रोंड जादुई काडलू तिस्केन वान जादुगारनी मतेस्कडताड.

आम्मान वान तावडीलेल इडस्ताड .मग वान देगारा रोंड काडलू उंड्या आंदलोन वगा काढी साचीन मानसुल इंगा जिवंत शेसेद उंड्या, हा काडीता वाड वान आब्बान आणि बाकीचा मंधुलान जिवंत सेश्ताड .रामुडी फेदोड आया की वांदी फेनली आतद . वाड राजा आताड .वानदी राज्य वाडाशे विचारता वाड वान देगार उंडिन जादू कांडीता नाडमा येवार वचिर वार आंदरणी राय बनास्ताड .आदे राय ता वांक स्वर्गलोक फोदेक वगा शिडी तयार शेस्तड .इदी सुशी देवार की शिटू वस्ताद .वाड शिडीता स्वर्गलोक की इकुताड .मग देवार वान शिडी सगट किंदिक दोबुतार . हा शिडीई तुकडाल आताय. आपुड देवार वांक सापान इस्तड की, नु आणि नि बीळ भुमिलेल राय तिशी राय फलगा मोतेद फणी शेशार .आपुडणुट वड्डुल दी फणी राय तिशी राय फलगा मोतेद फणी उंडाद .फदीरोंड येनलू आई नताक रामुडीन फिनामागार रंडाल आनकेन नीलस्तर .आणाळ वार झंपर ऐसकून लेद .आले शेतल्या गाजुल एसकुना लेद .फदीरोंड येनला बाद वार मोगुळ जिवंत आईन बाद , वार सोबत इंगा फेणली सेसकुनिर .मग वार फक्त उजवा शेतल्या कासाय लेकाते पितळी गाजुल येसकुनिर .झंपर येसकुना लेद .राणी बलनागम्माक आदरांजली आणकेन झंपर येसकुना लेद .इपुड इपुड येसकुटर .इंगना काही मुसल्योर झंपर येसकुनार .आले शेतल्या काचलाय गाजुल येसकुनार .दान ऐवजी पितळ लेकाते कासाय गाजुल येसकुटार .रामुडींदी इदी कथा वंश परंपरा आणि आंडेरदी बंगार, बटाल दी माहिती इस्ताद.

**जस्मा ओडनची कथा'**

'दि ट्राईब्स अँड कास्ट ऑफ बॉम्बे' या अहवाल ग्रंथात एँथोनवीन यांनी मुंबई इलाख्यातील 'ओड' जमातीचे लोक स्वतःला क्षत्रिय समजत असून ते स्वतःला राजा भगीरथाचे वंशज समजतात. वडार जातीच्या उत्पत्तीचा व प्रचलित रूढीविषयी स्पष्टीकरण देणाऱ्या आख्यायिका त्यांनी दिल्या आहेत त्यामध्ये 'जस्मा ओडन' ची कथा गुजरात, राजस्थान व मध्य प्रदेशात फार प्रचलित आहे. तिची मंदिरेही गुजरातसह बेंगलोर (1999)मध्येही उभारलेली आहेत ही कथा पद्यरूपात 'रासमाला' या काव्य ग्रंथात सांगितलेली आहे.

गुजरातचा राजा सिद्धराज यांने पाटण येथे सहस्त्रलिंग नामक तळी खोदण्याचे ठरविले, माळवा प्रांतातून ओड्डु जमातीचे लोक मोठ्या संख्येने कामासाठी बोलावले त्यात जस्मा नावाची एक अत्यंत तरुण व सुंदर स्त्री आपला पती रूपा बरोबर आली होती. रूपा अत्यंत कुरूप होता परंतु जस्मा पतिव्रता होती. सिद्धराज राजा तिच्यावर मोहित झाला व तो तिला वश करून घेण्याचा प्रयत्न करू लागला, पण पतिव्रता जस्मा त्याला भुलली नाही. आपला पती व कबिल्यासह तिने पळून जायचा प्रयत्न केला तेव्हा राजाने रागाने सैनिक पाठवले सैनिकाने प्रतिकार करणाऱ्यांची कत्तल केली. शेवटी जस्माने तळ्यात उडी टाकून आत्महत्या केली तत्पूर्वी तिने राजाला शाप दिला ज्या ओड्डु जातीकडून तलाव खोदून घेतला त्यात कधीही पाणी राहणार नाही आणि राजाला कोड फुटेल. त्याच वेळी तिने आपल्या जात बांधवांना सांगितले की "यापुढे ओड्डु स्त्रियांनी केसांना तेल लावू नये व डोळ्यात काजळ घालू नये". सिद्धराज राजाने संतापून उरलेल्या ओडडांची लांडगेतोड केली तेव्हा जीव वाचविण्यासाठी जमातीमधील वडीलधाऱ्या स्त्रियांनी अंगातल्या चोळ्या काढून टाकल्या, बांगड्या देखील काढल्या व आदिवासी सारखे दिसण्याचा प्रयत्न करीत टेकड्यांच्या व जंगलाच्या आश्रयाने लपत छपत गुजरात बाहेर पलायन केले. छोट्या टेकड्यांना व शेता- भोवतालच्या तालमींना कन्नड भाषेत 'ओड्डु'असे म्हणतात. या ओड्डुच्या आडोशाने जीव वाचवून परतलेले ते ओड्डु होत. कालांतराने या ओड्डुचे रूपांतर वड्डु, वड्डा, वड्डुर, व वडार असे झाल्याचे काही विद्वान सांगतात. काही ग्रंथकार जस्माने पोटात खंजीर खुपसून घेतला व ती सती गेली असेही लिहितात. पतिव्रता धर्म पाळण्यासाठी तिने राजवैभव लाथाडले, स्वतःच्या शील रक्षणासाठी गरीबी असतानाही राज्य वैभव लाथाडले. राजाचा हुकुम तिने पाळला नाही. हुशार, करारी व इमानदार पतिव्रता स्त्री म्हणून ती ओळखली जाते.जस्मा ओडणची ही कथा 'जसमा ओडन रासडो' अशी गुजराती भाषेत लिहिली आहे.१९२५ च्या दरम्यान पंडित ज्येष्ठराम लहान मुलींच्या मुखाद्वारे गाणे रूपाने ही कथा ऐकवत होते. रासडो म्हणजेच ही कथा, 'रासमाला' या काव्यात रचण्याचा उद्देश सतीत्वाचा आणि पतिव्रतेपुढे राजवैभव धनसंपत्ती तुच्छ व गौण आहे हा संदेश देणे हा होय. 'सर्वेनारी भनेराज' याचा अर्थ असा की सर्व लोक म्हणतात "रुपरंग आणि धर्माकडे पाहिले असता खरी नारी जसमा आहे" यामुळे तीला देवता मानण्यात येते. नालाऋषींचा तपोभंग करण्यासाठी स्वर्गातून अप्सरेला पाठविले होते तेव्हा ऋषींच्या शापाने ती पृथ्वीवर जन्म घेते व नालाऋषीही तिच्यावर मोहित झाले तेव्हा तीही त्यांना शाप देते व कुरूप वडाराचा जन्म मिळेल असे सांगते तोच जस्माचा पती रूपा होय, अशीही एक आख्यायिका सांगितली जाते.

**जस्मा ओडनची कथा '**
**( वडार बोलीत )**

' दि ट्राईब्स अँड कास्ट ऑफ बॉम्बे ' ही अहवाल ग्रंथला एंथोंनविन हिड मुंबई उरटोड ओड जातीटोर मंदी स्वतःक क्षत्रिय समजाशी स्वतःक राजा भगीरथ वंशज समजासतार. वड्डुडालदि जन्माम येला आयंडाद दानी कथाल शपेतापुड 'जस्मा ओडन ' दि कथा गुजरात, राजस्थान आणि मध्यप्रदेशला सना येरका उंडाय. दानी देवार गुडील गुजरात सहित बेंगलोर (१९९९) ला निल्पिंनडार. इदी कथा फादूम तिरणा ' रासमाला' ही काव्य ग्रंथाला राशिनेद उंडाद.

गुजरात राजाड सिध्दराज पाटण इंदा सहस्रलिंग फेरुद शरू तोवेद ठरवास्या, माळवा देशामकेल सना वड्डाल नी फिलचकेन वच्या. आंदातला वगाट जस्मा फेरूद जवान आणि सुंदर आंडिद, दान मगुड रूपानं बरोबर वचींड्या. रूपाड कामशिदेक सना तिकलोड कमस्तुंड्या. गण जस्मा पतिव्रता उन्ड्या. सिध्दराज राज्यांदी जस्मामिंदा कानु उंड्या. पण जस्मा वांक काबीज काद. आदी मगुन सोबत फारी फोताद आपुड राजाड शिटूला सैनिक की शपी फाटकोन येतकोसदेक शपताड. मग सैनिकलू आडाम येवार वचीर वारणी मोतेस्ताड. शेवटी जस्माद शरुला उडी दुंकी जेम इडस्ताद. दानकना पहिला आदी राजांक सापान इस्ताद की, या वड्डडाल तिकेल मिर शरू तोवतिर आंदतला नेळ निलाक फोई आणि राज्यांक कोड फुटाशी. आणि मना जाती मंदिक शेप्या की, " इंदूनिट मुंदारकी मना जाती आंडेर नतिक नुण्या आणि कानल्या काजळ आंसुकुनेद लेद. आपुड सिध्दराज राज्यांक सना शिटू वस्ताद, मग नीलचीनोर वड्डडाल नी मतिदेक सुरुवात शेसताड. मग मुस्ल्योर आंड्योर मना फाईलोन झनपरलू तिस्तार , गाजुल बी तिस्कडतार. आदिवासी तीरणा कामसला इला निलस्तार. वार कोंडलाता आणि जंगलता दाककेन फारकेन गुजरात बेटिक फोइर. सिना कोंडान आणि शेन बांधून कन्नड भाषेला ' ओड्डु' आंट्टार. ओडा कडी कडीता दाकेन फारीर आंकेर वारणी ओड्डु, वड्डु, वड्डा, वड्डर, व वड्डार इला फेर फड्या आंकेन हुशार मंदी शेपतार. काही मंदी जस्माद स्वतः काडपुला सुरकात फुचकेन जेम इडश्या व सती फो इलाबी राशिंडार.

पतिव्रता धर्म पाळसे ईचाका आदी राज्यांदी राजवैभव ताण्या, स्वतः गरीब उंडी राजवैभव न ताण्या. राजांदी गुलाम काक फो. हुशार, करारी, इमानदार पतिव्रता अंडिद आंकेण दान ओळखासातार. जस्मा ओडण दी इदी कथा ' जसमा ओडन रासडो ' इला गुजराथी माटाला रासणार.१९२५ याडादला पंडित जेष्ठराम सीना आंडबिळा तीकेल वार नोटलेल इदि कथा फादूम फाडी तीसकुंट्या. रासडो आंटे इदी कथा ' रासमाला ' ही काव्याला दांदी दूडु, धन , दोलत दी यला त्याग सेशी पतिव्रता यला नीलच्या आदी शेपिंडार. मानसी येला नीला बेक आदी जसमा तिकेल नेरसकुंडा इला इदी कथा शेपताद.

दान इचाका जसमा दान देवार मानासतार. नालाऋषी दिं तप भंग शेशे इचाका ओगट अप्सरा फोताद वान सापान ता आदी भूमी मिंदा जन्म तीसकेन वस्ताद . वाड ऋषीड येपुड दान तिक सुसताड आपुड आदी अप्सराद वांक सापान इस्ताद आणि वान कुरूप वड्डाड आयव इला आंटद, वाड ये वड्डाड आंटे रूपा उंटाड इला बी आंटार....

**चोळी निगडित कथा**.
( वडार बोलीत - **झनपर येटिक येस्कुनार दान येंकाडदी कथा** )
**कांचनमृग**

पूर्वी वडार समाजात स्त्रिया चोळी वापरत नसत,डोक्यावरून लांब पदर घेऊन कमरेला खोवत. या पाठीमागे अनेक दंतकथा आहे त्यापैकी एक कथा म्हणजे 'कांचन मृगाची कथा'. सुंदर अशा कांचनमृगाला पाहून त्याच्या कातड्याची चोळी शिवून अंगात घालावी असे सीतेला वाटले तेव्हा तिने रामाकडे हट्ट केला. त्यामुळे राम त्या हरणाच्या पाठी गेला. तेव्हा मायावी हरणाने ओरडून रामाच्या जीवाला धोका असल्याचे सोंग केले. लक्ष्मण रामाचा सुटकेसाठी गेला तेव्हा त्याच्या गैरहजेरीत रावणाने सीतेला पळवून नेले. तिला राक्षसीनींच्या पहाऱ्यात ठेवले. त्यावेळी तिला दुःख, अवहेलना, अपमान आणि रामाचा विरह सहन करावा लागला. कांचन मृगाच्या कातडीच्या चोळीमुळे सीतेच्या पदरात दुःख पडले मग आपणही चोळी घालायची नाही अशा विचाराने वडार स्त्रियानीं चोळी घालणे बंद केले. मात्र हल्लीच्या काळी काही वृद्ध स्त्रियांचा अपवाद वगळता समाज परिवर्तन होऊन वडार स्त्रिया चोळी किंवा ब्लाऊज वापरू लागल्या आहेत.

**कांचनमृग**
**( वडार बोलीत )**

येनकाड काळला वडडाल आण्ड्योर झंपर येसकुनाक उंडिर , दान ऐवजी नती मिंदेल फेदा कोंगु तीसकेन नाडमुलाक सिसकोंतुंडीर. दान येंका वगा कथा इला उंडाद ' बंगार झिंकाद कथा '. सना शिणगार झिंका सुशी, दान तोल दी झनपर येसकुनेद इच्छा सितादांक आया दान ईचाका सिताद रामुंक शेपी आदी तोल येतकोण दा आणकेंन आलगी कुसण्या. दान ईचाका रामुड आदी झिंका मोतेदेक , झिंका येनका फाऱ्या. आदी झिंका रामुन आवाजला बग्ये - बग्ये किरलिदेक आण्ट्या, आदी आवाज इनी लक्ष्मणाड रामुंन इडशे ईचाका फाऱ्या. वार इदार आंदा लेद इदी सुशी रावण सितादान फारकेन येतकोन फोई राकेसलान ताब्याला फेट्या. मग सितादांक आणि रामुंक येन्ता दु:खाम आया वगा झंपर ईचाका. दान ईचाका वडडाल आंडयोर इला ठरवाशिर की इनदुनुट

मुंदारकी मनांम बी झंपर येसकुनेद लेद. आपुडगला झंपर येसाकुनेद बंद शेशिर. इपुड बी काही मुसल्योर आंड्योर येसकुनार गण इपुड समजलोन मंदी शाळा नेरस्ताड दान ईचाका बागाने जुना प्रथाल बंद आयंडाद. आणकेण इपुड झंपरलू येसकुंटार.

**सीतेची शिळा**

सीतेच्या संदर्भातील दुसरी एक कथा असे सांगण्यात येते की नाशिक येथे पंचवटी मध्ये सीता वनवासात असताना कुंडात स्नानाला गेली असता आडोशासाठी गुहेच्या तोंडाशी एक शिळा लावली तेव्हा तेथे एक वडार आला. त्याला ती शीळा फार आवडल्यामुळे त्याने सुतकीने घाव घालून त्याचे दोन तुकडे केले.त्यावेळेस सीता त्याच्या दृष्टीस पडली,ते पाहताच सीता क्रुद्ध झाली व तीने शाप दिला "तू मला आंघोळ करताना अर्धनग्न अवस्थेत पाहिलेस यापुढे तुझ्या पुढच्या पिढीतील स्त्रिया चोळी शिवाय समाजात वावरतील" तेव्हापासून वडार स्त्रिया बिन चोळी च्या वावरू लागल्या असा समज आहे.

**सीतेची शिळा**

( वडार बोलीत )

सितादांदि इंगा वगा कथा इला शेपतार की, नाशिक इंदा पंचवटीला सिताद वनवास की उननाका फाय कडकुदेक वगा कुंडला फोयंड्या येवार की कमसाराद आणकेंन हा गुहा मुतीक वगा फेदाद फाडराय अडाम आणशी फेटताद आपुड अंदा वगा वड्डाड वस्ताड वांक आदी राय सना शिणगार कमसताद. मग सुत्या तिशी हा राय रोंड टुकडाल सेसताड आंते दिनटल्या वांक सिताद फाय कडकुनी तापुड कमस्ताद , मग सितादांक कोफांम वस्ताद आदी वांक सापान इस्ताद " नू नानू फाय कडकूनी तापुड आर्धाम येटिंगा सुस्ती दान ईचाका इनदुनिट मुंदरकी मी आंड्योर झनपर येस्कुनाक उंडा आले तिरग्योर" आपुड गला वडडाल आंड्योर झंनपर येसकुनार इला आणटार..

**रावण**

रावणाने सीतेला पळवून लंकेत नेले व अशोक वनात ठेवले. दुसऱ्या दिवशी आंघोळीसाठी त्याने तिला चोळी दिली नाही. या गोष्टींचा वडारांना राग आला, कारण वडार लोक रावणाला आपल्या समाजाचा मानतात. आपल्या जातीच्या रावणाने असे करणे त्यांना लांछनास्पद वाटले आणि त्यांनी त्याच्यावर बहिष्कार टाकून सीतेच्या दुःखात सहभागी व्हावे म्हणून वडार स्त्रियांनी कायमचेच चोळी घालण्याचे बंद केले.

**रावण**

**( वडार बोलीत )**

रावणाड सितादान फारकेन येतोकोन फोईगस लंकलोन अशोक वाटीकाला फेटीनड्या .दुसरानाबद फाईकाडकोणीन बाद दांक येसकुदेक झनपर इयाक फो .हि गोष्टीद वडाल मांदिक शिठू वच्या , कारण रावण पण मना जातीटोड वडाड उंडाड इला मानासस्तुंडिर .मना जतीटोड माणशी इला बेकार येटीक शेश्या आणकेंन वांक विरोध शेशे ईचाका आणि सितादान दुःखामला सामील कावाला आणकेन वडडाल आंड्योर कायमदी झनपर येस्कुनेद इडसाकाडीर.

**एळ्ळीकुळ्ळी देवीची कथा**

एका ब्राह्मण कुटुंबातील सासू आपल्या दोन्ही सुनाना उपाशी ठेवून त्यांचा छळ करीत असते त्यामुळे त्या दोघी घर सोडून जंगलात जातात. तेव्हा त्या भुकेमुळे व्याकुळ होऊन फिरू लागतात. त्यावेळी जंगलात काम करीत असलेले वडार जेवायला बसले असता भुकेने व्याकुळ झालेल्या या सुना त्यांच्या दृष्टीस पडल्या तेव्हा त्यांनी आपल्या जेवणातील काही भाग त्यांना दिला. त्यांच्या आहारामध्ये डुकराचे मांस होते हे कळताच, आपण डुकराचे मांस खाल्ले तेव्हा आपली सासू आता आपल्याला घरात घेणार नाही या भीतीने त्या सुनांनी नदीत जाऊन जीव दिला. आपल्यामुळे त्या सुनांना जीव द्यावा लागला म्हणून वडारानी त्यांना देवता मानून त्यांची पूजा करण्यास सुरुवात केली. त्याच या याएळळीकुळळी देवी होत. या देवीना डुकराच्या मांसाचा नैवेद्य दाखविला जातो.

**एळ्ळीकुळ्ळी देवारदी कथा**

( वडार बोलीत )

वगा बाफान आता मना ईदार कोडानलान इलू बेटीक तिसकाडताद वार जंगलता तिरगीकेन वड्डाल देगारा फोतार वार ईदारकी सना आकाल आयंड्या.आपुड आंदा वड्डाल मना डब्बालोन रोट्या आणि फांदी कुरा वारकी सादरी ईस्तार मग वारदी रोट्या तिनेद आईन बाद वारकी तेलस्ताद की वार फांदी (गुणा) नांजूर तिनीर आनकेन मग वार ईदार कोडांनलू मना आता येरवपूक वंकाला जेम ईडस्तार आदी गोष्ट वड्डालकी तेलस्ताद वारकी सना बेकार वाटासताद.आनकेन वार फेरता एळळी कुळळी देवार पुजासतार आणि हा देवारकी फांदी नाजूर दी प्रसाद फेटेट प्रथा चालू आया.

**पोपटाची कथा**

गाडी वडार समाजाचा पोपट पाळणे अशुभ मानतात त्याचीही एक दंतकथा आहे. आंध्र प्रदेशातील राजाला एक राक्षस सतत छळत असे, त्या राक्षसाला मारले तरी तो पुन्हा जिवंत व्हायचा. तेव्हा राजाने शोध घेतला असता राक्षसाचे मरण सातासमुद्रापलीकडे संरक्षणात ठेवलेल्या पिंजऱ्यातील पोपटात आहे असे कळले. तेव्हा राजाने सातासमुद्रापार जाऊन तो पोपट मारला त्याच वेळी इकडे राक्षसहि मरण पावला. म्हणून पोपटात राक्षस असतो या अंधश्रद्धेने वडार लोक पोपट पाळत नाहीत.

**चिल्काद कथा**
**( वडार बोलीत )**

बांडलावर वडाल चिल्का साकार दांदी कथा ईला उंडाद. वगा राजाड वगा राक्षसनी सनादमूल मत्योसताड गण वाड एम सयाड मग हा राज्यांक तेलस्ताद की,हा राक्षसदी साव हा चिल्काला उंडाद. मग राजाड योड समींदर आतुक फोर्ट हा चिल्कान मोत्यासकाडताड मग ईका

**Analysis ( विश्लेषण )**

वडार समाज हा भटका विमुक्त समाज असुन त्यांच्या गाडी वडार,माती वडार व पाथरवट असा प्रमुख तीन उपजाती आहेत. कामधंदा मिळविण्यासाठी हा समाज सतत भटकंती करीत असला तरी सद्यस्थितीमध्ये शहरातून स्थिरावत गेलेला आढळतो. या समाजाच्या वडारबोली भाषेवर कन्नड व तेलुगू भाषेचा मोठा परिणाम झालेला दिसून येतो.ज्या भटक्या जाती जमातींच्या बोली आपापले वेगळेपण टिकवून आहेत त्यामध्ये वडार बोलीभाषेनेही आपले वैशिष्ट ठळकपणे टिकवले आहे.वाहत्या झऱ्याप्रमाणे स्वच्छंदी असलेल्या या भाषेला स्वतंत्र लिपी नसून ती केवळ मौखिक स्वरूपाची आहे.

**Result ( परिणाम )**

लोकाकथा व लोकगीतांच्या माध्यमातून वडार समाजाने आपली संस्कृती जपलेली आहे. आणि टी संस्कृती अखंडपणे चालत आल्याचे दृष्टीस पडते.

**Recommendation ( शिफारस )**

बोलीभाषेच्या संवर्धनासाठी शिक्षित तरुणांनी पुढाकार घेऊन बोली भाषेचे दस्तऐवजीकरण करणे गरजेचे आहे.

**Conclusion ( निष्कर्ष )**

१. वडार समाजाने स्वीकारलेली प्रादेशिक भाषा.
२. बोली भाषे विषयी दिसून येणारी अनास्था.
३. केवळ जुन्या पिढीतील व्यक्ती वडार बोली बोलताना आढळतात.
४. जागतिकीकरणा मुळे वडार समाजाचे शहरात झालेले स्थलांतर.
५. इतर समाजाचा असलेला पगडा.
६. वडार बोली बोलण्याविषयी वाटणारी लाज.
७. शैक्षणिक अडचणी मुले त्यागली गेलेली वडार बोली.
८. वडार बोलीने कन्नड व हिंदी शब्द.
९. वडार बोली चे दस्तऐवजीकरण करण्याची गरज

**Refrence ( संदर्भ )**

१) चव्हाण भीमराव व्यंकप्पा, 'वडार समाज : इतिहास आणि संस्कृती', स्वाभिमान प्रकाशन, औरंगाबाद,
प्रथमावृत्ती २००७.
२) कांबळे उत्तम,'भटक्यांचे लग्न', मनोविकास प्रकाशन,१/१०/२०१०.पाचवी आवृत्ती. (सुधारित )
३) प्रा. भांडेकर शिवमुर्ती, 'युगशिल्पी', लोकवाड.मय गृह प्रकाशन, प्रभादेवी, जानेवारी २०१९.
४) मुलाखती :
- श्री. मोहिते राजू, कोल्हापूर : ०८/०१/२०२२
- कु.विटकर मेघा, बार्शी. : ३१/०१/२०२२
- श्रीमती. यमनव्वा कल्लवड्डुर, हुबळी. : ०८/०९/२०२२

**Shikshan Sanshodhan** : Journal of Arts, Humanities and Social Sciences
Monthly, Peer-Reviewed, Refereed, Indexed Journal
Volume - 5, Special Issue - 5, October - 2022
ISSN: 2581-6241
Impact Factor: 5.146
Publication Date: 31/10/2022

DOIs:10.2018/SS/ICLSGM005 --:-- Research Paper / Article

# "महिला सशक्तिकरण में सोशल मीडिया की सकारात्मक भूमिका"

**सविता राजन**
शोध छात्रा (समाजशास्त्र विभाग), डॉ० राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय
अयोध्या (उत्तर प्रदेश), 224001
ई-मेल: savitarajanlko@gmail.com

**डॉ. माधुरी वर्मा**
एसोसिएट प्रोफेसर (समाजशास्त्र विभाग), जवाहर लाल मेमोरियल पी०जी० कॉलेज
बाराबंकी, उत्तर प्रदेश

**शोध सारांश :** सोशल मीडिया परस्पर संवाद का वेब आधारित एक ऐसा गतिशील मंच कहा जा सकता है जिसके माध्यम से लोग संवाद करते हैं और आपसी जानकारियों का आदान-प्रदान करते हैं सोशल मीडिया का अर्थ ICT आधारित कम्यूनिटी से है जहां उपयोगकर्ता जनित सामाग्री को साझा कर सकता है और उस पर चर्चा कर सकता है।

सोशल मीडिया का प्रभाव विश्व के प्रत्येक व्यक्ति पर दिखाई देता है इससे महिलायें भी अछूती नही हैं। वर्तमान समय की बात करें तो ग्रामीण, नगरीय, शिक्षित, अशिक्षित तथा सभी वर्ग की महिलाओं पर सोशल मीडिया का प्रभाव देखा जा सकता है, महिलाओं को अपने विचार रखने का एक प्लेटफार्म सोशल मीडिया ने दिया है। सोशल मीडिया के कारण महिलाओं में जागरुकता आयी है, वे अपने आप को स्वावलम्बी व सशक्त महसूस कर रही हैं।

महिलायें ऑनलाइन संचार, अनुसंधान और मीडिया के उपयोग को निपुणता से कार्यान्वित कर रही हैं। सोशल मीडिया शिक्षा के विस्तार का एक सरल माध्यम है। सोशल मीडिया के माध्यम से महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक व कानून सम्बंधी समस्त जानकारियां आसानी से घर बैठ मिल जा रही है, जिससे वे अपने कर्तव्यों व अधिकारों के प्रति जागरुक व सजग हो रही हैं।

सोशल मीडिया, इंटरनेट, ट्वीटर, फेसबुक ने महिलाओं ने महिलाओं से संबंधित मुद्दों, खास तौर पर स्वतंत्र अस्मिता एवं प्रगति व विकास के मार्ग पर आगे रहने की ऊँची महत्वाकांक्षा ने बहुत से ऑनलाइन स्वयं सहायता समूह, सोशल नेटवर्कों, चैट ग्रुपों एवं फोरम आदि के निर्माण को प्रोन्नत किया है। इन नेटवर्किंग साइटों द्वारा विश्व की महिलायें एक-दूसरे से अंतर्संबंधित है।

परिवर्तन सृष्टि का नियम है निश्चित रुप से समय के साथ-साथ महिलाओं की स्थिति में बदलाव हुआ है और कुछ परिवर्तन होना शेष है इस परिवर्तन के लिए विशेष उपकरण के रुप में सोशल मीडिया का और भी इस्तेमाल किया जायेगा। सोशल मीडिया के माध्यम से जो भी ज्ञान महिलाओं को मिल रहा है वह महिला सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सोशल मीडिया महिला सशक्तिकरण में सकारात्मक भूमिका निभा रहा है।

**कुंजी शब्द :-** जीओ साइट्स, आई० सी० टी०, एंड्राइड, उद्यमिता, हाई प्रोफाइल, वीमेन इम्पोवेरमेंट, साइबर बुलिंग, साइबर स्पाईंग ।

सामाजिक जनसंचार को अंग्रेजी भाषा के सोशल मीडिया के नाम से जाना जाता है जिसमें प्रथम शब्द का अर्थ सामाजिक तथा दूसरे शब्द का अर्थ माध्यम। सामान्य शब्दों में हम कह सकते हैं यह एक ऐसा माध्यम है जहाँ प्रत्येक व्यक्ति अपने विचारों को स्वतंत्र रुप से आदान-प्रदान कर सकें। सोशल मीडिया के माध्यम से व्यक्ति स्वयं अपने विचार रखने के साथ ही साथ दूसरों की बातों पर खुल कर अपनी राय भी व्यक्त कर सकता है।

सोशल मीडिया परस्पर संवाद का वेब आधारित एक ऐसा गतिशील मंच कहा जा सकता है जिसके माध्यम से लोग संवाद करते हैं और आपसी जानकारियों का आदान-प्रदान करते हैं सोशल मीडिया का अर्थ ICT आधारित कम्यूनिटी से है जहां उपयोगकर्ता जनित सामाग्री को साझा कर सकता है और उस पर चर्चा कर सकता है। इस प्रकार व्यक्तियों के विचारों के बीच एक मशीन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है इस मशीन को कम्प्यूटर, लैपटॉप, एन्ड्रोयड फोन कहा जा सकता है। जो व्यक्ति इस प्रकार की मशीनों का उपयोग करते हैं वो अपने आप को आधुनिक मानते हैं।

सोशल मीडिया का प्रारम्भ 1994 से माना गया है। सर्वप्रथम जीओसाइट्स सोशल मीडिया के रुप में लोगों के सामने आया, इसका एक मात्र उद्देश्य एक ऐसी वेबसाइट बनाना था जिसके माध्यम से लोग अपनी बातचीत व विचारों को आपस में साझा कर सके। सोशल मीडिया के पूर्ण रुप से उभरने का प्रारम्भ 2004 से हुआ जब फेसबुक अस्तित्व में आया। 2006 में ट्विटर का प्रारम्भ हुआ व 2009-10 में वाट्सएप के आने के पश्चात सोशल साइट्स ने बहुत तेज गति पकड़ी। वर्तमान में सोशल मीडिया में फेसबुक, वाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम एवं यूट्यूब आदि महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।[1]

सोशल मीडिया का प्रभाव विश्व के प्रत्येक व्यक्ति पर दिखाई देता है इससे महिलायें भी अछूती नही हैं। वर्तमान समय की बात करें तो ग्रामीण, नगरीय, शिक्षित, अशिक्षित तथा सभी वर्ग की महिलाओं पर सोशल मीडिया का प्रभाव देखा जा सकता है, महिलाओं को अपने विचार रखने का एक प्लेटफार्म सोशल मीडिया ने दिया है। सोशल मीडिया के कारण महिलाओं में जागरुकता आयी है, वे अपने आप को स्वावलम्बी व सशक्त महसूस कर रही हैं।

आज महिलायें घर की चाहर दीवारी से निकलकर जीवन के प्रत्येक क्षेत्र (सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक) में पुरुषों के बराबर भूमिका निभा रहीं है।

**1) महिलाएं व योग :–**

महिलाओं को अपनी सभी भूमिकाओं को ठीक तरीके से निर्वहन करने के लिए ये आवश्यक है कि उनका स्वास्थ्य अच्छा रहे, साथ ही मानसिक स्वास्थ्य भी संतुलित अवस्था में रहे। इसके लिये सोशल मीडिया एक सरल साधन के रुप में उपलब्ध है महिलाओं को मंहगे जिम, योग सेंटर में जाने की आवश्यकता नही है। सोशल मीडिया में समस्त जानकारी उपलब्ध है कि महिलाओं के लिए कौन से योग आवश्यक है जिससे वे फिट रह सकती हैं और कौन योग आसान नुकसानदायक हैं, जिनकों वह न करें। महिलायें अपनी शारीरिक समस्याओं से सम्बंधित ज्ञान यूट्यूब या गूगल की मदद से घर बैठे आसानी से प्राप्त कर सकती हैं। यदि कुछ समझ नही आ रहा है तो उसे अपनी सुविधानुसार पुनः देख सकती हैं वर्तमान समय में सोशल मीडिया उनके लिये सर्वोत्तम विकल्प है जिसका लाभ वे आसानी से ले रही हैं।[2]

**2) महिलायें व शिक्षा :–**

वर्तमान समय में शिक्षा के क्षेत्र में भी सोशल मीडिया एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। पारम्परिक शिक्षा के अन्तर्गत छात्र-छात्रायें स्कूल, महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त करते हैं किन्तु जो छात्रायें महाविद्यालय, स्कूल आदि तक नही पहुंच पाती अनके लिये सभी विषय के लिखित नोटस व यूट्यूब शैक्षिक वीडियों होते हैं, जिसका लाभ छात्रायें आसानी से ले सकती हैं। अब किसी भी जानकरी के लिये आपको बस एक शब्द टाइप करना है और जानकरी आपको मिल जाती है इस शिक्षा के लिए भी सोशल मीडिया एक सशक्त साधन है। इंटरनेट साथी योजना के अन्तर्गत महिलाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट चलाना सिखाया जाता है जिससे वे समस्त जानकारियां प्राप्त कर सके।

**3) ग्रामीण महिलायें :–**

भारत को “डिजिटल सशक्त समाज” बनाने का प्रयास किया जा रहा है। यह कार्यक्रम इलेक्ट्रॉनिक्स एवं प्रद्योगिकी विभाग की परिकल्पना है डिजिटल इण्डिया कार्यक्रम का चेहरा आदिवासी महिलायें व ग्रामीण महिलायें इन इलाकों में

तकनीकि का प्रयोग करने वाली महिलायें बनेंगी। सूचना व प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनसुार महिलाओं को तकनीक का प्रयोग करते देख ग्रामीण क्षेत्रों में भी तकनीकी को प्रोत्साहन मिलेगा।

**4) महिलायें एवं आर्थिक व्यवस्था :–**

वायरलेस महिला उद्यमशीलता और सशक्तीकरण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (ICT) के आधार पर महिलाओं के सूक्ष्म स्तर के सामाजिक उद्यमों का निर्माण करना है। महिला सशक्तिीकरण के लिए एक इंटरनेट वातावरण की आवश्यकता है।

**कार्यक्रम का उद्देश्य :–**

- ग्रामीण महिलाओं के बीच इंटरनेट आधारित सामाजिक उद्यमों और उद्यमिता को बढ़ावा देना।
- महिलाओं के बीच पारम्परिक कौशल को बढ़ावा देने के लिए उन्हें बाजार तक पंहुचाने ओर स्थिरता सुनिश्चित करने में सहायता करना।
- महिलाओं के सामाजिक व आर्थिक सशक्तीकरण में इंटरनेट तथा सूचना व संचार प्रौद्योगिकी के योगदान को सुनिश्चित करना है।

वर्तमान समय में बहुत सी कामकाजी महिलायें ई-कॉमर्स कम्पनियों के माध्यम से अपने कारोबार को आगे बढ़ा रही हैं। थोक आर्डर भी इन्हें उत्साहित कर रहें हैं। दिल्ली की मणि अग्रवाल ने सोशल मीडिया को प्लेटफार्म बनाया। हाई प्रोफाइल लोगों के लिए फोटो एप्लीकेशल इंस्टाग्राम पर “करघा बायमणि” के नाम से बिजनेस पेज प्रारम्भ किया इनके उत्पाद न केवल देश बल्कि विदेशों में भी मांग बढ़ गई है। इसी प्रकार “शीतल इनोवोटिव डिजाइन” के नाम से फेसबुक पेज के माध्यम से दूर-दराज के लोगों को अपने उत्पाद भेजती हैं। सोशल मीडया ने तमाम महिलाओं को घर बैठे रोजगार प्रदान किये हैं। ये सभी महिला सशक्तिकरण का जीता-जागता उदाहरण है।[3]

**5) महिला सुरक्षा :–**

महिला सुरक्षा के प्रति जागरुकता उत्पन्न करने में सोशल मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। कुछ महिला विशेषज्ञ प्रतिदिन सोशल साइट कुछ न कुछ सुरक्षा के टिप्स डालती रहती है इसके अतिरिक्त स्कूल, कॉलेजों में वर्कशॉप के माध्यम से महिलाओं को जागरुक कर रही हैं। इन्हीं में से एक वीणा गुप्ता वेस “वूमेन इंपावरमेंट सेफ्टी एंड सिक्योरिटी फांउडेशन” नामक एनजीओ चला रही है। वह इंस्टाग्राम, फेसबुक, सोशल साइट के माध्यम से प्रतिदिन महिलाओं को सुरक्षा सम्बंधी टिप्स देती हैं। उनका मानना है कि जब तक महिलायें स्वयं अपनी सुरक्षा के प्रति जागरुकत नहीं होगी तब तक समस्या खत्म नही होगी। सभी बालिकायें व महिलायें सोशल मीडिया के माध्यम से मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग लेकर स्वयं की सुरक्षा कर सकती हैं।[4]

**6) महिला एवं कानून :–**

अगर किसी महिला को कोई फेसबुक, ईमेल, ट्विटर या व्हाट्सएप के जरिये परेशान कर रहा है तो महिला किसी भी थाने के साइबर सेल में शिकायत कर सकती हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से महिलाओं को कानून सम्बन्धी जानकारियां आसानी से उपलब्ध हैं, जिनसे वे पहले अनभिज्ञ थीं।

**(क) साइबर स्टाकिंग -** किसी को बार-बार फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजना, टेक्स्ट मैसेज भेजना, स्टेटस पर नजर रखना, ये अपराध की श्रेणी में आता है और दण्डनीय अपराध है।

**(ख) साइबर पोर्नोग्राफी -** इसके अन्तर्गत महिलाओं के अश्लील फोटो या वीडियों हासिल कर उन्हें ऑनलाइन पोस्ट कर दिया जाता है। फोटो के साथ छेड़छाड़, ब्लैकमेल करने में इस्तेमाल करते हैं यह भी आई टी एक्ट की धारा 67 और 67A के अन्तर्गत अपराध है।

**(ग) साइबर स्पांइग -** आई टी एक्ट की धारा 66ई के अन्तर्गत यह दण्डनीय अपराध है इसमें चेंजिग रुम, लेडीज वाशरूम, होटल के कमरे में रिकॉर्डिंग डिवाइस लगाये जाते हैं जो अपराध है।

**(घ) साइबर बुलिंग -** साइबर बुलिंग कई तरीके से की जाती है जैसे - महिलाओं की तस्वीरों से छेड़छाड़, गाली गलौज, धमकी, ब्लैक मेलिंग, वीडियो वायरल करना, अश्लील मैसेज भेजना। यह एक दण्डनीय अपराध साइबर बुलिंग किसी भी महिला को न केवल मानसिक बल्कि शारीरिक व आर्थिक रुप से भी आघात पहुंचा सकती है।

**वर्तमान में साइबर बुलिंग के मामलों को आई0टी0 की निम्न धाराओं के माध्यम से सुलझाया जा सकता है।**

घारा 499 – मान हानि, धारा 1292ए - ब्लैकमेलिंग, धारा 354ए - यौन उत्पीड़न की टिप्पणी करना अथवा दोषी होना। धारा 354डी - पीछा करना, धारा 507 - अपराधिक धमकी देना। यदि महिलायें इन कानूनों के प्रति जागरुक रहेंगी तो सोशल मीडिया के माध्यम से उनके प्रति अपराधों में कमी अवश्य होगी।[5]

**निष्कर्ष :-**

परिवर्तन सृष्टि का नियम है, निश्चित रुप से समय के साथ-साथ महिलाओं के स्थिति में बदलाव हुआ है और कुछ परिवर्तन होना शेष है। इस परिवर्तन के लिए विशेष उपकरण के रूप में सोशल मीडिया का और भी इस्तेमाल किया जायेगा, सोशल मीडिया से जो भी ज्ञान महिलाओं को मिल रहा है वह सामाजिक, आर्थिक, कानून के में महिला सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। सोशल मीडिया एक लोकतांत्रिक मंच है तथा इसने महिलाओं को एक ऐसा प्लेटफोर्म उपलब्ध कराया है जिसके माध्यम से वह अपने जीवन में नए बदलाव ला सकती हैं तथा आज़ादी के असमान को और व्यापक बना सकती हैं। वर्त्तमान समय में महिलाओं को अपने अधिकारों और शक्तियों के बारे में जानकारी प्राप्त हो रही है जो महिला सशक्तिकरण के सकारात्मक बदलाओं को गति प्रदान कर रहा है। वर्तमान परिपेक्ष्य में सोशल मीडिया महिला सशक्तिकरण में सकारात्मक भूमिका निभा रहा है।

**संदर्भ ग्रंथ:**

1. सोशल मीडिया एक समीक्षात्मक अध्ययन – डॉ० आनन्द कुमार उपाध्याय, 2017
2. इंटरनेअ, योग और महिला जागरुकता, सोनू गुप्ता, 2017
3. यूपी डेस्क अमर उजाला, कानपुर, 22 अक्टूबर, 2019
4. जागरण हिन्दी न्यूज प्रकाशित, शनिवार 21 दिसम्बर, 2019
5. महिलाओं व युवाओं पर इंटरनेट का बढ़ता दुष्प्रभाव: सविता राजन, 2017
6. राय नीरज कुमार (2008) भारत में सूचना प्रौद्योगिकी का सामाजिक प्रवाह समाज वैज्ञानिक मार्च, 2008, अंक - 12,
7. पंत अतुल (2013), शिक्षा में सोशल मीडिया योजना अंक - 5, मई 2013
8. कुलश्रेष्ठ, मनीषा (2013): साइबर फैनिनिज्म योजना, अंक - 5 मई, 2013

**Shikshan Sanshodhan : Journal of Arts, Humanities and Social Sciences** ISSN: 2581-6241
Monthly, Peer-Reviewed, Refereed, Indexed Journal Impact Factor: 5.146
Volume - 5, Special Issue - 5, October - 2022 Publication Date: 31/10/2022

DOIs:10.2018/SS/ICLSGM006 --:-- Research Paper / Article

# परम्परागत और आधुनिक संचार के परिप्रेक्ष्य में ढोल का महत्व

[1] **डॉ. आरती भट्ट,**
असिस्टेंट प्रोफेसर, जन संचार विभाग, श्री गुरू राम राय विश्वविद्यालय, पथरी बाग, देहरादून- 248001, उत्तराखण्ड, भारत।
Email - bhattarti2019@gmail.com
[2] **कमल किशोर रावत,**
शोधार्थी, जन संचार विभाग, श्री गुरू राम राय विश्वविद्यालय, पथरी बाग, देहरादून- 248001, उत्तराखण्ड, भारत।

**शोध सार:** उत्तराखंड की संस्कृति और लोककला विश्व प्रसिद्ध है। यहां के लोक संगीत में वाद्ययंत्रों का अपना एक विशेष महत्व और प्रभाव है। उत्तराखंड की संस्कृति में रचे-बसे परंपरागत वाद्ययंत्र यहां की लोक धड़कन हैं। यहां के निवासियों का कोई भी मंागलिक कार्य, धार्मिक आयोजन, मेले, पर्व, त्योहार, देवजात्रा इन वाद्ययंत्रों के बिना अधूरे हैं। यहां मृत्यु पर भी वाद्ययंत्रों की ताल सुनाई देती है। सुर जहां कंठ से निकलता है वहीं ताल के लिए वाद्ययंत्र की आवश्यकता होती है। यहां स्थानीय सुरों के आधार पर स्थानीय वाद्ययंत्रों को भी विकसित किया गया। उत्तराखंड संस्कृति से जुड़े लोकसंगीत में वर्तमान समय में वाद्ययंत्रों को जो उच्च स्थान प्राप्त हुआ है, वह इन वाद्ययंत्रों के प्रति लोक समाज की संचेतना, इनके प्रति सम्मान के भाव को स्थापित करता है। आधुनिक माध्यमों के बहुंमुखी विकास के बावजूद हमारी लोक संस्कृति में रचे बसे ये वाद्ययंत्र आज भी प्रभावी और लोकप्रिय हैं। लोक-कलाओं में जन-जीवन की सृजनात्मकता के कारण ही हमने आज तक इन परंपरागत वाद्ययंत्रों को सुरक्षित और संरक्षित किया हुआ है। उत्तराखंड हिमालय क्षेत्र में प्राचीन काल से ही विभिन्न वाद्ययंत्रों का उपयोग होता रहा है। इनमें लोक वाद्ययंत्रों में ढोल, दमौ, हुड़का, डौंर, कांसे की थाली, ढोलक, बिणाई, मोछंग, मशकबीन, मुरूली (बांसुरी), तुरही, रणसिंघा, भंकोर, नगाड़ा, शंख, घण्टी, घंुघरू मुख्य है। वर्तमान में प्रायः ढोल, ढोलकी, दमाऊं, हुड़की, डौंर, थाली, मोछंग, बांसुरी, तुर्री, भकोरा, नगाड़ा, सारंगी, मसक बाजा, रणसिंगा, एकतारा, शंख, अलगोजा, चिमटा, बिणाई, डफली आदि का ही अधिक प्रचलन है। उत्तराखंड की संस्कृति में प्रयुक्त होने वाले इन वाद्ययंत्रों का प्रयोग भारत के साथ-साथ विश्व के हर कोने में किया जाता है। राज्य की समृद्ध लोक संगीत परम्परा में चारों प्रकार के वाद्य बजाये जाते रहे हैं,घन वाद्य (चोट से स्वर उत्पन्न करने वाले वाद्य) अवनद्ध वाद्य (चमड़े से मढ़े हुए लोक वाद्य) सुषिर वाद्य (जो वाद्य फूंक से बजते हो) तत् वाद्य (तारों के द्वारा स्वर उत्पन्न करने वाले वाद्य)। इन वाद्ययंत्रों में सबसे अधिक प्रचलित व प्रसिद्ध जो वाद्ययंत्र है वह है ढोल। इसके बिना उत्तराखंडी संस्कृति फीकी सी लगती है। लोकवाद्यों के अंतर्गत ढोल के महत्व और आकर्षण का अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि अमेरिका के सिनसिनाटी विश्वविद्यालय के संगीत विभाग के प्रोफेसर स्टीफन फ्योल गढ़वाल में आकर ढ़ोल-दमौं पर शोध कार्य करते हुए ढ़ोल-दमौं वादन करने लगे। इसको 'मंगल वाद्य' के नाम से भी जाना जाता है। ढोल तांबे, पीतल व लकड़ी का बना होता है। ढोल बजाने वाले वादक को औजी, ढोली, दास और बाजगी आदि पारम्परिक नामों से भी जाना जाता है। ढोल उत्तराखण्ड राज्य का राज्य वाद्ययंत्र भी है। उत्तराखण्ड सरकार द्वारा वर्ष 2010 में ढोल को राज्य वाद्ययंत्र के रूप में अपनाया गया।

**संकेत शब्द:** परम्परागत, आधुनिक संचार, ढोल, वाद्ययंत्र।

## संचार माध्यम :

संचार माध्यम के द्वारा संप्रेषक और प्राप्तकर्ता के मध्य सूचनाओं का आदान-प्रदान होता है। दूसरे शब्दों में संदेश या सूचना को प्रभावशाली ढंग से प्रापक तक पहुँचाने के लिए संवाहक या स्रोत जिस माध्यम की सहायता लेता है, वही संचार माध्यम है।

## परंपरागत संचार :

परंपरागत संचार से आशय ऐसे संचार से है जो आधुनिक जनसंचार माध्यमों की बजाए परंपरागत माध्यमों से किया जाता हो। परंपरागत संचार सदियों से चला आ रहा है। सभी समाज परंपराओं में रचे बसे कई ऐसे माध्यमों के जरिये संचार

करते हैं जिनमें निहायत देसज और ग्रामीण प्रतीकों-संकेतों को उपयोग में लाया जाता है। उदाहरण स्वरूप सभी प्रकार की लोक कथा, लोकनृत्य, लोकगीत, लोकनाट्य विधाएं, कटपुतली कला और चित्रकलाएं इस श्रेणी में आती हैं।

**आधुनिक संचार :**

जनसंचार का अर्थ है सूचना, विचारों का प्रसार व संचार के आधुनिक साधनों के जरिए शिक्षित व जागरूक करना व मनोरंजन प्रदान करना। जनसंचार के इन माध्यमों में इलैक्ट्रॉनिक, प्रिंट मीडिया व न्यू मीडिया तीनों ही आते हैं। संचार के परम्परागत साधन आधुनिक समाज की परिवर्तित परिस्थितियों की आवश्यकताओं को पूर्ण करने में असमर्थ रहे हैं, इसीलिए तीव्र गति से सूचना सम्प्रेषण हेतु संचार के नये-नये माध्यमों की खोज होती रही है। आधुनिक मीडिया में रेडियो, टेलीविजन, फिल्म, अखबार ,विज्ञापन, इंटरनेट व अन्य नये-नये माध्यम विकसित होते रहे हैं ।

वाद्ययंत्रः संगीत की ध्वनि, लय व गति प्रकट करने वाले उपकरण को वाद्य कहते हैं। 'वाद्य' का शाब्दिक अर्थ है- 'बजाने योग्य यंत्र विशेष'। डॉ. लालमणि मिश्र ने "सांगीतिक ध्वनि तथा गति को प्रकट करने के उपकरण को वाद्य कहा है। 'डॉ. अंजना भार्गव के अनुसार-"किसी भी संगीतात्मक ध्वनि-उत्पादक वस्तु को 'वाद्य' की संज्ञा दी जा सकती है।" ध्वनि उत्पादन का माध्यम एक पत्थर, पत्ती या इलैक्ट्रॉनिक भी हो सकता है। इस प्रकार संगीतात्मक ध्वनि अथवा गति को प्रकट करने वाले उपकरण 'वाद्य' कहलाते हैं।

**वाद्ययंत्रों का प्रयोग**

संचार व संगीत में वाद्ययंत्रों की विशेष भूमिका होती है। बिना वाद्ययंत्रों के गायन, वादन, संचार व नृत्य अधूरा है। एक वाद्ययंत्र का निर्माण या प्रयोग, संगीत, संचार, मनोरंजन वं सांस्कृतिक उद्देश्य के लिए होता है।

**उददेश्यः**

1.परम्परागत और आधुनिक संचार के परिप्रेक्ष्य में ढोल के महत्व का अध्ययन करना।
2.ढोल पर बजाये जाने वाली विभिन्न तालों से संचार का अध्ययन करना।
3. ढोल व ढोलवादक कलाकारों की वर्तमान स्थिति का अध्ययन करना।
4.ढोल के संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों का अध्ययन करना।
5.ढोल की वर्तमान प्रासंगिकता और भविष्य को लेकर एक आधारभूत दृष्टिकोण प्रदान करना।

**शोध विधि-**

अध्ययन के लिए उत्तराखण्ड राज्य क्षेत्र का चयन किया गया है। शोध के लिए वर्णनात्मक विश्लेषणात्मक विधि का उपयोग किया गया है। अध्ययन के लिए द्वितीयक स्त्रोत के अंतर्गत विषय से संबंधित पुस्तकों, शोध, शोध पत्रों, सरकारी रिपोर्ट, प्रकाशित समाचार-पत्रों का प्रयोग किया गया है। इसके साथ ही उत्तराखण्ड की संस्कृति व लोक वाद्ययंत्रों के क्षेत्र में कार्यरत विशेषज्ञों व संस्कृतिकर्मियों का साक्षात्कार किया गया है।

**उत्तराखण्ड की संस्कृति में ढोल का महत्व :**

वास्तव में ढोल भारत में पन्द्रहवीं सदी में आया। आज ढोल हमारे समाज में घुल मिल गया है। संगीतसार' पुस्तक में ढोल का पहली बार किसी भारतीय संगीत साहित्य में वर्णन हुआ है। इससे पहले आईने अकबरी में ढोल का वर्णन मिलता है। ढोल उत्तराखण्ड हिमालय क्षेत्र का पारम्परिक व सर्वाधिक लोकप्रिय वाद्ययंत्र है। उत्तराखण्ड के लोकवाद्यों के अंतर्गत ढोल के महत्व और आकर्षण का अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि अमेरिका के सिनसिनाटी विश्वविद्यालय के संगीत विभाग के प्रोफेसर स्टीफन फ्योल गढ़वाल आकर ढोल-दमौं पर शोध कार्य करते हुए ढोल-दमौं वादन करने लगे। उन्होने ढोल-दमौं कलाकारों के नाम को आत्मसात करते हुए अपना नाम "फ्योंलीदास" रखकर ढोल वादन सीखना शुरू किया और हिन्दी व गढ़वाली भाषा भी सीखी। ढोल-दमौं सीखकर वे अपने साथ अपने विश्वविद्यालय के लिए 16 जोड़ी ढोल-दमौं खरीदकर भी ले गये।

उत्तराखण्ड में ढोल का संगीत में ही नहीं अपितु धर्म-संस्कृति, संस्कारों, परंपराओं में भी अनूठा एवं महत्वपूर्ण स्थान है। इसको 'मंगल वाद्य' के नाम से भी जाना जाता है। ढोल तांबे, पीतल व लकड़ी का बना होता है। ढोल बजाने वाले वादक को औजी, ढोली, दास और बाजगी आदि पारम्परिक नामों से भी जाना जाता है। उत्तराखण्ड सरकार द्वारा वर्ष 2010 में ढोल को राज्य वाद्ययंत्र के रूप में अपनाया गया। ढोल की बांयी पूड़ी बकरी या हिरन की मुलायम खाल से तथा दांयी पूड़ी लांकुड़ से बजाने के कारण भैंस या बारहसिंगा की मोटी खाल से बनाई जाती है। ढोल के कई अंग होते है जैसे-

1. कन्दोटी-सूत से बुनी कन्धे की पट्टिका।
2. चाक-कन्दोटी को साधने वाले ताम्र कुण्डल।
3. बिजैसार-ढोल के दक्षिण और वाम भागों को जोड़ने वाली डेढ़ इंच की पीतल की पट्टी।
4. पूड़ी-ढोल के दाँये व बाँये मुख पर मढ़ी जाती है।
5. कुण्डली-पूड़ी को सम्भालने वाली बांस की कुण्डली।
6. त्रिदेव-बिजैसार के दोनों छोरों को जोड़ने वाली तीन तांबे की मेखलाएं।
7. कस्णिका-सूत या चमड़े की बनी हुई ढोल के सुर को कम या ज्यादा करने वाली गुच्छियां।
8. डोरिका-ढोल पर पुड़ियों को साधने वाली सूत की डोरी।
9. लांकुड-जिस डण्डी से ढोल को बजाया जाता है इसकी लम्बाई सवा फीट होती है।

उत्तराखण्ड में ढोल पर अभी तक कोई वैज्ञानिक खोज का कार्य शुरू नहीं हुआ है। गढ़वाल में इससे संबंधित जिस साहित्य का पता चलता है, उसमें एक ग्रंथ ढोलसागर है।

**ढोलसागर:** भारत वर्ष में मंगल मुहूर्तों पर ढोल बजाने का शगुन प्राचीनकाल से है। उत्तराखण्ड में यह कार्य यहां के हरिजनों की एक जाति "औजी" (ढोल वादक) द्वारा होता है। ढोलसागर नाम सुनते ही विशाल काव्य ग्रन्थ का अनुमान लगता है किन्तु यह आकार की दृष्टि से छोटा हैं। ढोलसागर ग्रन्थ में स्थान-स्थान पर 'सुनो रे औजी' कहकर सम्बोधित किया गया है। ढोलसागर ग्रन्थ अगस्त सन् 1932 में पं. ब्रह्मानंद थपलियाल द्वारा श्री बदरीकेदारेश्वर प्रेस से प्रकाशित हुआ। डॉ. शिवप्रसाद डबराल 'चारण' ने सन् 1993 में भवानीदास धस्माना द्वारा संग्रहीत 'दमोसागर' प्रकाशित किया। दंतकथाओं के अनुसार ढोल की उत्पत्ति शिव के डमरू से हुई है और ढोल सागर को सबसे पहले स्वयं शिव ने पार्वती को सुनाया था। जब वह इसे सुना रहे थे तब वहां मौजूद एक गण ने इसे कंठस्थ कर लिया। तब से ही यह पीढ़ी दर पीढ़ी मौखिक रूप से चला आ रहा है। वैसे मूल ग्रंथ संस्कृत और गढ़वाली बोली में है। ढोलसागर में प्रकृति, मनुष्य, देवताओं और त्योहारों को समर्पित 300 से ज्यादा तालों का वर्णन है।

ढोल एक तरह से मध्य हिमालयी यानी उत्तराखण्ड के पहाड़ी समाज की आत्मा है। जन्म से लेकर मृत्यु तक कहीं कोई भी संस्कार या सामाजिक गतिविधि ऐसी नहीं है जो ढोल और इन्हें बजाने वाले 'औजी' या ढोली के बगैर पूरी होती हो। इनकी गूंज के बिना यहां का कोई भी शुभकार्य पूरा नहीं माना जाता है। चाहे फिर वो कोई मंगल कार्य हो, पूजा कार्य, विवाह, मेले या सांस्कृतिक कार्यक्रम। आज भी विशेष अवसरों, मांगलिक कार्यों, धार्मिक अनुष्ठानों और त्योहारों में इनकी छाप देखने को मिल जाती है।

ढोल उत्तराखण्ड का प्राचीन वाद्ययंत्र है। यहां के शुभकार्य इसकी गूंज के बिना अधूरे हैं। यह हमारी संस्कृति का एक अहम हिस्सा हैं। ढोल को प्रमुख वाद्ययंत्रों में इसलिए शामिल किया गया है क्योंकि इसके माध्यम से किसी शुभ कार्य की शुरूआत और देवी-देवताओं का आह्वान किया जाता है। अलग-अलग समय, अवसर और संस्कार पर अलग-अलग ताल बजाई जाती हैं। देवी-देवता को जागृत करने के लिए सबसे पहले बजाये जाने वाला ताल मंगल बधाई ताल हैं। वहीं धुयाल ताल मंदिरो में बजायी जाती हैं। इसी प्रकार विवाह और हल्दी हाथ में औजी एक अलग प्रकार की ताल बजाते हैं, जिसे बधाई कहते हैं। यही नहीं विवाह के अवसर पर वर पक्ष और कन्या पक्ष के अपने-अपने बाजगी होते हैं। उनका अपने क्षेत्र का पहला परिचय ढोल दमाऊं की थाप से ही होता था। वर पक्ष वाले जब घर से शुभ कार्य के लिए निकलते थे तो ढोल, दमाऊ, मशकबाजा बजाकर खुशी प्रकट करते हैं। ठीक उसी तरह कन्या पक्ष के बाजगी (दास) अपने यहां अतिथियों का ढोल से आदर करते हुए अगवानी करते थे। विवाह में ढोल-दमाऊं वाले बाजगी साथ चलते थे। ये लोग

ढोलसागर के जानकार होते थे। ढोल एवं ढोली को भी मेहमानों जैसी ही पिठाई लगाई जाती थी। ये ढोल के प्रति सम्मान को दर्शाता है।

ढोल में बजने वाली तालों का विशेष महत्व है। विभिन्न अवसरों पर बजाये जाने वाली तालों से ही पता चल जाता है कि इस समय पर कौन सा कार्य किया जा रहा है। भिन्न-भिन्न अवसरों पर भिन्न-भिन्न तालों का वादन किया जाता है, जो इस प्रकार से हैं-

1.बढ़ैताल (बढ़ाई)-किसी भी मंगलकार्य, पर्व, उत्सव के आरम्भ में बढ़ै ताल बजायी जाती है। इस ताल के द्वारा शुभकामनाएं दी जाती हैं। इस ताल की प्रकृति गंभीर है।

2.धुयांल ताल-धुयांल ताल देवउपासना की ताल है। इसकी प्रकृति रूद्र है। भय इसका स्थायी भाव है। जब आरम्भ में यह द्रुत होकर बढ़ती है तो इसे चौरास कहते हैं और अतिद्रुत होने पर यह सुल्तान चौक कहलाती है। जिसको संध्या के समय, देवपूजन के अवसर पर बजाया जाता है। धुयांल में एक ही ताल नहीं बजती बल्कि कई तालों का प्रयोग होता है। जैसे-गणेश आवहान ताल, विष्णु आवहान ताल, लक्ष्मी आहानताल, आंचली (स्थानीय देवी-देवताओं की ताल) आदि।

3.शब्द-इस ताल द्वारा हर्ष व उल्लास की अभिव्यक्ति होती है। यह रूद्र प्रकृति की ताल है जिसको संध्या के समय, देवपूजन व मांगलिक अवसरों पर बजाया जाता है। शब्द के भीतर तीन भाग हैं- 1-उठौंण (प्रस्तावना), 2-बिसौंण (विश्राम-आराम), 3-कांसू (समापन)।

4.नौबत-रात्रि के द्वितीय चरण के अंतिम प्रहरो में, मंदिरों में प्रतिदिन तथा शुभ अवसरों पर यह ताल बजाई जाती है।

5.रहमानी (अभियान)-यह ताल बारात के साथ मार्ग में आगे-आगे चलते हुए बजाई जाती है। गढ़वाल हिमालय क्षेत्र में ऊंचे-नीचे व कहीं समतल पैदल मार्ग होने के कारण रहमानी ताल अलग-अलग ढ़ंग से बजाई जाती है। मार्गो के अनुसार ही ढोल का वादन होता है जिससे पता लग जाता है कि बारात किस स्थान अर्थात मैदान, चढ़ाई-उतराई अथवा नदी-नाले के पास है। इस ताल के कई अंग इस प्रकार हैं-

1. सैंधार (सीधा मार्ग) -समतल भूमि पर चलते हुए।

2. उकाल (चढ़ाई मार्ग) - चढ़ाई पर चढ़ते हुए।

3. उंदार (उतराई वाला मार्ग) -उतराई की ताल।

4. गड़छाला (नदी तट, नाले) -नदीतट व नाले पर बनजे वाली ताल।

5. मच्छीफाट(पुल) -पुल पर बनजे वाली ताल।

6.चारितालिम (चौरास)-यह एक अप्रचलित ताल है, इसकी प्रकृति रूद्र है। इसका उपयोग शिवतांडव के लिए बताया गया है, किन्तु वर्तमान में इसका परिवर्तित रूप पांडौ-नृत्य (पांडव-नृत्य) में किया जाता है और भगवती नचाने के लिए भी चौरास ताल बजायी जाती है।

7.दुणांट-पारम्परिक संचार माध्यमों की दृष्टि से किसी की मृत्यु पर ढोल के विशेष ध्वनि-संकेत को 'दुणांट' कहते हैं। दुणांट के बजने की शैली से ही लोगों को मालूम हो जाता है कि किसी की मृत्यु हो गयी है। इस ध्वनि के वादन के मृत्यु की व्यक्तिगत जानकारी प्रत्येक व्यक्ति को देने की आवश्यकता नहीं होती है।

## ढोल के विभिन्न प्रयोग

उत्तराखण्ड में ढोल का प्रयोग आमतौर पर मांगलिक कार्यो, देव-पूजन, मेलों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और संचार के लिए किया जाता है।

ISSN: 2581-6241
Impact Factor: 5.146
Publication Date: 31/10/2022

## देवपूजा व मांगलिक कार्य में प्रयोग

उत्तराखण्ड के परंपरागत वाद्ययंत्रों में ढोल का विशेष महत्व है। किसी भी मंगल कार्य को प्रारम्भ करने से पूर्व ढोल बजाने की प्रथा है। पूजा अनुष्ठान में भी ढोल का प्रयोग किया जाता है। जन्म से लेकर मृत्यु तक, घर से जंगल तक अर्थात प्रत्येक संस्कार और सामाजिक गतिविधियों में ढोल का प्रयोग होता आ रहा है। इनकी गूंज के बिना यहां का कोई भी शुभकार्य पूरा नहीं माना जाता है। इसीलिए कहा जाता है कि पहाड़ों में विशेषकर उत्तराखण्ड में त्योहारों का आरंभ ढोल-दमाऊं के साथ ही होता है। इसी प्रकार मेलों की भांति तीर्थयात्राओं में भी ढोल का प्रयोग होता आ रहा है। जनश्रुति है की प्रारम्भ में युद्ध के मैदानों में सैनिकों के कुशल नेतृत्व एवं उनके उत्साह को पैदा करने के लिए इनका उपयोग किया जाता था। फिर यह कला युद्ध के मैदानों से लोगों के सामाजिक जीवन में प्रवेश करते चली गई। अंततः यह शुभ कार्यों के आगमन का प्रतीक बन गई। ढोल के अलावा भकौंरा, दमौ, हुड़का, डौंर, कांसे की थाली, नगाड़ा, तुरही, रणसिंघा भंकोरा, शंख, घण्टी आदि वाद्ययंत्रों का प्रयोग देव पूजन, मांगलिक कार्यों में किया जाता है। इन सभी वाद्ययंत्रों की अपनी प्रासंगिकता और विशेष महत्व है।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रयोग

धार्मिक अनुष्ठानों की तरह सांस्कृतिक कार्यक्रम भी ढोल की थाप के बिना अधूरे हैं। असल में यहां के सभी कार्यक्रम सामूहिक होते हैं और समूह में लोक वाद्ययंत्रो का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। जिस तरह देव यात्राओं, मांगलिक कार्यों में ढोल का प्रयोग होता है ठीक उसी तरह सांस्कृतिक कायक्रमों में भी इसका प्रमुखता से प्रयोग होता है। असल में लोक वाद्ययंत्रों के वादन से ही सांस्कृतिक वातावरण सृजित हो जाता है। उत्तराखण्ड में पूर्व से ही लोकगीतों, लोकनृत्यों, लोक नाटिकाओं, नृत्यगीतों, लोकोत्सवों, पर्वो, देवोत्सवों तथा पारिवारिक उत्सवों में ढोल बजाने की परंपरा रही है। बिना इसके ये सभी आयोजन फीके हैं।

## संचार में प्रयोग

परंपरागत वाद्ययंत्रों के माध्यम से संचार बहुत ही लचीला है। इन परंपरागत वाद्ययंत्रों का उपयोग कहीं भी-कभी भी, किसी भी परिस्थिति में किया जा सकता है। संचार किसी भी समाज की आधारभूत आवश्यकता है। संचार समाज के निर्माण की पहली शर्त है। सदियों से अलग-अलग समाजों ने संचार के लिए विशिष्ट माध्यमों को विकसित किया है। आदिम समाजों में सामूहिक नृत्य-गायन व भोजन संचार का सशक्त माध्यम होते थे। इससे लोगों के बीच एक गहरा संवाद भी स्थापित होता है। संचार प्रक्रिया में लोकवाद्यों के प्रयोग की भी अनूठी परम्परा रही है। वाद्ययंत्रों से मन की बात की अभिव्यक्ति करने और संदेश भेजने की परम्परा वैदिक काल से ही चली आ रही है। पहले गांवों में ढोलकी द्वारा ढोल पीट-पीटकर सूचना दी जाती थी। लोगों को यह पता चल जाता था कि राजा द्वारा कोई सूचना भेजी गई है। यही नहीं ढोल कहीं न कहीं हमारी लोक परम्पराओं और सामाजिक मान्यताओं से भी जुड़ा हुआ है। जैसे कि गांवों में प्रचलित 'अबाजू' की क्रिया शोक का प्रतीक होता है। किसी की मृत्यु के पश्चात उस घर में एक वर्ष तक मंगलसूचक ढोल-दमाऊं आदि नहीं बजाए जाते हैं। किसी की मृत्यु के अवसर पर बनजे वाली ढोल के विशेष ध्वनि-संकेत 'दुणांट' से लोगों को मालूम हो जाता है कि किसी की मृत्यु हुई है।

## मनोरंजन हेतु प्रयोग

लोक संगीत का पूरा आनन्द परम्परागत वाद्ययंत्रों के स्वर से ही आता है। परंपरागत वाद्ययंत्र माध्यम सूचना,संदेश के साथ ही मनोरंजन के साधन भी है। इसलिए आधुनिक जनसंचार माध्यमों की मौजूदगी के कारण ढोल आज भी सदियों से हमारी संस्कृति में रचा बसा और लोकप्रिय है। इनसे मनोरंजन भी होता है, संचार भी और ऊर्जा का आदान-प्रदान भी। संचार की प्रक्रिया हो नृत्य हो या गीत इसके स्वर के बिना अधूरे हैं। वहीं ढोल के स्वर लोकगीत एवं लोकनृत्य को जीवंत कर देते हैं।

## ढोल के समक्ष चुनौतियां

उत्तराखण्ड के लोगों के तमाम सरोकारों से जो लोकवाद्य जुड़ा है वह है ढोल। ढोल के बिना कोई भी मांगलिक कार्य और धार्मिक अनुष्ठान संपन्न नहीं हो सकते। इसलिए पुरातन समय से ही ढोल का लोक में बड़ा महत्व रहा है। इसलिए इसको

**Shikshan Sanshodhan : Journal of Arts, Humanities and Social Sciences** ISSN: 2581-6241
Monthly, Peer-Reviewed, Refereed, Indexed Journal Impact Factor: 5.146
Volume - 5, Special Issue - 5, October - 2022 Publication Date: 31/10/2022

बजाने वाले कलाकारों का भी बड़ा मान लोक समाज में रहा। बदलते समय के साथ इस अंचल की बड़ी आबादी का इस क्षेत्र से देश और दुनिया की तरफ जाना, समाज की लोक प्रवृत्तियों में बदलाव का असर इन लोकवाद्यों में स्पष्ट दिखा और इनका उपयोग कम भी हुआ। विभिन्न पर्व, मेलों व संस्कारों में गाए जाने वाले लोकगीतों को बेहद खास बनाने में ढोल का विशेष महत्व है। उत्तराखण्ड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोये रखने में यहां के परंपरागत ढोलवादकों की अहम भूमिका है। बिना उनके सोलह संस्कार अधूरे हैं। आधुनिकता की चकाचौंध का असर यहां के परंपरागत ढोलवादकों के साथ उनकी पारंपरिक विधा पर भी पड़ा है। दूसरी बड़ी चुनौती ढोलवादकों के समक्ष आजीविका की है। इस कारण ढोल के साथ ही उत्तराखण्ड के कई वाद्ययंत्र आज विलुप्ति की कगार पर है।

## ढोल के संरक्षण हेतु प्रयास

राज्य गठन के बाद सरकारी स्तर पर यहां की लोककलाओं के संरक्षण के दावे तो बहुत हुए, मगर गंभीरता से पहल नहीं की गई। लोककला से जुड़े अनुसूचित जाति के परंपरागत ढोलवादकों के रोजगार और लोककला के उनके परंपरागत ज्ञान को सहेजने के प्रति अनदेखी अधिक भारी पड़ी। ऐसे में लोककला के इन संवाहकों का पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलने वाला ज्ञान सिमटने लगा। आज स्थिति ये है कि परंपरागत ढोलवादकों की संख्या अंगुलियों में गिनने लायक रह गई है। वर्तमान में राज्य में अनुसूचित जाति के महज कुछ ढोलवादकों को ही पेंशन मिल पा रही है। ऐसे में उनके पारंपरिक ज्ञान और लोककला पर भी संकट के बादल मंडराने लगे हैं।

उत्तराखण्ड के कई वाद्ययंत्रों के विलुप्ति के कगार पर पहुंचने से सरकार का ध्यान अब ढोलवादकों और उनकी लोककला को संरक्षण देने की तरफ गया है और सरकार परंपरागत वाद्ययंत्रों के भविष्य को सहेजने के लिए सक्रिय हो गई है। इस कड़ी में सरकार द्वारा राज्य के परंपरागत ढोलवादकों को निःशुल्क वाद्ययंत्रों और वेशभूषा वितरण करने के साथ ही उनकी कला को जीवित रखने के लिए अनुसूचित जाति बहुल गांवों में सांस्कृतिक केंद्र बनाए जा रहे हैं। जहां सांस्कृतिक केंद्रों में परंपरागत ढोलवादक और लोककला से जुड़े लोग अभ्यास कर सकेंगे और परंपरागत वाद्ययंत्र भी सहेजे जाएंगे। संस्कृति विभाग की निदेशक बीना भट्ट के अनुसार अनुसूचित जाति बहुल गांवों में सांस्कृतिक केंद्र भवन का निर्माण किया गया है। इनमें चकरेड़ा (टिहरी), दुगड्डा, भरपूर (टिहरी) और जसपुर (द्वारीखाल) में भवन तैयार हो चुके हैं तथा बागेश्वर में दो और टिहरी में एक सांस्कृतिक केंद्र भवन बनाये जाने हैं। इससे परंपरागत लोककला से संबंधित ज्ञान का भी होगा संरक्षण होगा। इसके अलावा संस्कृति विभाग द्वारा लोक कलाकारों और लोककला के संरक्षण के मद्देनजर अनुसूचित जाति उपयोजना में गुरु-शिष्य परंपरा के तहत जगह-जगह प्रशिक्षण शुरू किए गए हैं और गुरु और संगत कलाकारों को छह माह तक मानदेय देने की योजना शुरू की है। वहीं संस्कृति विभाग में सूचीबद्ध सांस्कृतिक दलों को सरकार ने अनुदान देने का निर्णय लिया है। इस राशि से सांस्कृतिक दल परंपरागत वेशभूषा, वाद्ययंत्र आदि खरीदेंगे। सांस्कृतिक विधाओं को बचाने के लिए संस्कृति विभाग कार्यशालाएं व गतिविधियां संचालित करेगा, साथ ही ढोल वादक कलाकारों को सूचीबद्ध करने का कार्य भी जारी है।

## नमो नाद कार्यशाला

ढोल-दमाऊं को अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए हरिद्वार के प्रेमनगर आश्रम में 6 अगस्त से 9 अगस्त 2017 को ढोलवादन कार्यशाला 'नमो नाद' का आयोजन किया गया, जिसमें एक हजार ढोल-दमाऊं की थाप गूंजी। उत्तराखण्ड संस्कृति विभाग ने ढोल संस्कृति के संरक्षण हेतु इस कार्यशाला का आयोजन किया जो एक अनूठी पहल थी। कार्यशाला के लिए लगभग 1240 ढोल वादकों ने रजिस्ट्रेशन किया। इस प्रकार के आयोजन निश्चित रूप से ढोल के भविष्य के लिए एक अच्छा संकेत है, लेकिन आवश्यकता है ऐसे कार्यक्रमों के नियमित रूप से होने की, तभी यह प्रयास सार्थक हो सकेंगे।

## पहाड़ी वाद्ययंत्रों लिए कार्यशाला

लोक कलाकारों और पहाड़ी वाद्ययंत्रों को प्रोत्साहन देने के लिए ऋषिकेश में नमामि गंगे प्रकोष्ठ, उमंग और हेमवती नन्दन बहुगुणा केंद्रीय गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर गढ़वाल के संयुक्त तत्वावधान में उत्तराखण्डी लोकवाद्यों पर 3 अप्रैल 2021 से सात दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। लोककला के संरक्षण के लिए किया जा रहे यह प्रयास कलाकारों

का मनोबल बढ़ाने और लोक संस्कृति के प्रतीक ढोल, दमाऊं व हुड़के की कर्णप्रिय धुनों को संजोने के लिए एक अच्छी पहल कही जा सकती है।

## लोक कलाकारों ने दी वाद्ययंत्रों की प्रस्तुति

उत्तराखण्ड में पारंपरिक वाद्ययंत्रों के पारंगत कलाकारों के लिए दून में 23 और 24 अक्तूबर 2021 को दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेशभर के लोक कलाकारों ने वाद्ययंत्रों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में उत्तराखण्ड की परंपरागत कला के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से बच्चों को उत्तराखण्ड के परंपरागत दुर्लभ वाद्ययंत्रों के साथ ढोल का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। इस तरह के प्रयास भविष्य में इस परंपरा से नई पीढ़ी को जोड़ने में मददगार होंगे। उत्तराखण्ड के लिए गौरव की बात है कि 1-12 जनवरी तक आयोजित राष्ट्रीय कला उत्सव प्रतियोगिता 2021-22 में अंजू ने पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त कर जीत का परचम लहराया। अंजू, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज हरिपुर कालसी जनपद-देहरादून कक्षा 10वीं की छात्रा है। प्रतियोगिता में अंजू ने पारम्परिक लोकवाद्य यंत्र विधा के अन्तर्गत ढोल वादन में प्रथम स्थान हासिल किया।

## ’महिला बैंड”

उत्तराखण्ड में ढोल दमाऊ की समाप्त होती परंपरा को बचाने के लिये लोक गायिका व पद्मश्री माधुरी बड़थवाल महिलाओं को ढोल बजाने का प्रशिक्षण दे रही हैं। महिलाओं के ढोल बजाने को सांस्कृतिक और सामाजिक बदलाव के एक अहम पड़ाव के रूप में भी देखा जा सकता है। महिलाओं का ढोल थामना रुढ़ियों को चुनौती देना भी है क्योंकि ढोल वादन परंपरागत रुप से औजी समाज के पुरुषों का पेशा है। आशा है इस प्रयास से ढोल की लुप्त होती कला का संरक्षण हो सकेगा।

## ढोलसागर इंटरनेशनल अकादमी

नई पीढ़ी को पारंपरिक वाद्ययंत्रों के सुर-ताल का ज्ञान देने के लिए जागर सम्राट पद्मश्री प्रीतम भरतवाण ने 17 अक्टूबर 2021 को नालापानी चौक में जागर ढोलसागर इंटरनेशनल अकादमी का शुभारंभ किया। एकेडमी खुलने से लोक संगीत, पारंपरिक ढोल दमाऊ, हुड़का, डौंर आदि वाद्ययंत्रों में रुचि रखने वाले विद्यार्थी और शोधार्थी उत्तराखंडी लोक संस्कृति को समझ पाएंगे। एकेडमी का उद्देश्य प्रदेश की लोक संस्कृति, जागर, ढोलसागर जैसी विधाओं को बचाना है।

## अमेरिकी शोधकर्ता स्टीफन लिखेंगे ढोल पर पुस्तक

उत्तराखण्डी ढोल ने देश दुनिया का ध्यान आकृष्ट किया है। संगीत के जानकार सात समन्दर पार से आकर ढोल के महत्व को समझने की कोशिशों में जुटे हैं इस पर शोध कार्य हो रहे हैं, जिसका प्रमाण अमेरिका का सिनसिनाटी विश्वविद्यालय है। उत्तराखण्ड की लोक वाद्यकला पर शोध कर रहे अमेरिकी शोधकर्ता स्टीफन फ्योल उर्फ फ्योंलीदास अपने अनुभवों को पुस्तक के जरिए साझा करेंगे। पुस्तक में वह गढ़वाल और कुमाऊं के वादकों से ढोल-दमाऊं और जागर पर एकत्रित जानकारी प्रस्तुत करेंगे। अमेरिका के सिनसिनाटी विश्वविद्यालय में संगीत विभाग के प्रो. स्टीफन फ्योल ने वर्ष 2003 में उत्तराखण्ड के लोक वाद्ययंत्र ढोल-दमाऊं पर शोध शुरू किया। यही नहीं उन्होंने टिहरी जिले के देवप्रयाग ब्लॉक के पुजार गांव में ढोलवादक सोहनलाल के साथ रहकर ढोल-दमाऊ की तालों, वार्ता व जागरों को सीखा। साथ ही उन्होंने अपना नाम फ्योंलीदास रखकर गढ़वाली और हिंदी भाषा भी सीखी।

## ढोल के प्रति संस्कृतिकर्मियों का रुझान

उत्तराखण्डी ढोल ने देश दुनिया का ध्यान आकृष्ट किया है। संगीत के जानकार सात समन्दर पार से आकर ढोल के महत्व को समझने की कोशिशों में जुटे हैं। इस पर शोध कार्य हो रहे हैं, जिसका प्रमाण अमेरिका का सिनसिनाटी विश्वविद्यालय है। इस संदर्भ में जागर सम्राट प्रीतम भरतवाण का कहना है कि “90 के दशक में ढोल-दमौं की स्थिति लगभग समाप्ति की कगार पर थी, परन्तु अब बहुत हद तक स्थितियां बेहतर हुई हैं। हर संभव कोशिश रही है कि ढोल और ढोली को पर्याप्त सम्मान दिलाये जाने के साथ-साथ हमारे मनमोहक ढोलसागर के ताल जीवित रहें। इस हेतु जागर ढोलसागर इंटरनेशनल एकेडमी बनाई गई है।“ उनका कहना है कि भविष्य में ढोल और उसके सहायक वाद्ययंत्रों की रक्षा तभी

ISSN: 2581-6241
Impact Factor: 5.146
Publication Date: 31/10/2022

संभव है जब तेजी से इनके संवर्द्धन और संरक्षण के लिए कार्य किया जाए। उनका मानना है कि इस कला का संरक्षण तभी हो सकता है जब औजी समाज को उचित पारिश्रमिक व उचित सम्मान दिया जाए। सरकारी स्तर पर 50 वर्ष से अधिक आयु वाले ढोलवादकों की पेंशन का प्रावधान हो, प्रत्येक स्कूलों में ढोल-दमौं सहित अन्य लोकवाद्य रखे जाएं और वहां के स्थानीय कलावन्तों को दैनिक श्रम पर सप्ताह में 2 दिन विद्यार्थियों को सिखाने का अवसर दिया जाए। यह कला तभी संरक्षित हो सकती है जब लोक गायन और लोक वादन में रोजगारपरक डिप्लोमा हो, ऐसा करने पर हमारी इस पावन संस्कृति का उन्नयन और तेजी से होगा।

एच.एन.बी. गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर गढ़वाल के लोक कला एवं संस्कृति विभाग के पूर्व निदेशक प्रो.डी.आर. पुरोहित कहते हैं कि ‘‘आज ढोली की वतर्मान स्थिति बहुत चिंताजनक है। पुराने जानकार धीरे-धीरे विदा हो रहे हैं और नई पीढ़ी के ढोली सिर्फ काम चलाऊ ढोल ही बजा पाते हैं। उनको ढोलसागर की बारीक जानकारियों का अधिक ज्ञान नहीं है। दूसरी ओर ढोल वादकों को न तो उचित सम्मान मिला और नहीं उचित पुरस्कार। इस कारण नई पीढ़ी ने ढोल बजाना नहीं सीखा। इस समय में सरकार और सामाजिक संगठनों द्वारा ढोल के लिए प्रयास तो किये जा रहे हैं लेकिन वह नाकाफी हैं।‘‘ प्रो. पुरोहित का सुझाव है कि अगर ढोल को जीवित रखना है तो उसके लिए-ढोल का पाठ्यक्रम हर विद्यालय और विश्वविद्यालय में शामिल करना होगा। हर विद्यालय में ढोल का वादन करने के लिए दो-दो कलाकरों की नियुक्ति करनी होगी, जानकार ढोल वादकों का ऑडियो-वीडियो व प्रिन्ट माध्यम में दस्तावेजीकरण करना होगा, ढोल से सम्बन्धित ज्ञान और कला को डिजीटल माध्यम से विश्व पटल पर प्रचारित और प्रसारित करना होगा।

संस्कृतिकर्मी और साहित्यकार गणेश खुगशाल ‘गणी’ का कहना है कि हिमालयी क्षेत्रों में लोकवाद्यों का अपना एक अलग महत्व है। पर्वतीय अंचल जीवन पद्धति अद्भ्रभुत और अनूठी है। हिमालय के इस उत्तराखण्ड क्षेत्र निवासियों के तमाम सरोकारों से जो लोकवाद्य जुड़ा है वह है ढोल। ढोल के साथ उसका सहवाद्य ‘दमौं’ ढोल का पूरक है जिसके बगैर ढोल अधूरा है। बदलते समय के साथ इस अंचल की बड़ी आबादी का इस क्षेत्र से देश और दुनिया की तरफ जाना, समाज की लोक प्रवृत्तियों में बदलाव का प्रभाव इन लोकवाद्यों में स्पष्ट दिखा और इनका उपयोग कम हुआ, लेकिन अब जब लोकवाद्यों को लेकर समाज में संजीदगी बढ़ी तो ढोल दमौं अपने सुर-ताल वादन की विविधता के कारण फिर से अपना गौरव प्राप्त करने लगा है।

लोक गायक व संगीत शिक्षक श्री अनिल बिष्ट के अनुसार ‘‘वतर्मान समय में लोग ढोल की परम्परा को भूलते जा रहे हैं। यदि ढोल की संस्कृति समाप्त हुई तो ढोल के साथ-साथ उत्तराखण्ड की संस्कृति को भी समाप्त होने में समय नहीं लगेगा। यदि उत्तराखण्ड की संस्कृति को बचाना है तो ढोल को बचाना होगा और सभी वर्ग के लोगों को ढोल को अपनाना होगा।‘‘

लोक गायिका व पद्मश्री माधुरी बड़थवाल का कहना है कि आज असली ढोलवादक पुनरोद्धार की आस में एक कोने में बैठे हए हैं। किसी ने उनके हित के बारे में नहीं सोचा। ढोल के भविष्य के लिए जरूरी है कि सरकारी और व्यक्तिगत स्तर पर जमीनी प्रयास किए जाएं। सामाजिक समारोहों में लोग ढोल के बजाए आधुनिक वाद्ययंत्रों को महत्व देने के साथ मोटी कीमत भी चुका रहे हैं। आज ढोले के प्रति लोगों में सम्मान का भाव नहीं बचा है। विदेशी लोग हमारी संस्कृति को अपनाने को तैयार है, लेकिन हम अपनी जड़ों से कटते जा रहे हैं। ढोल के भविष्य को लेकर हम सबको सोचना जरूरी है तभी ढोल की संस्कृति बची रहेगी।

**शोध निष्कर्ष :**

उत्तराखण्ड में ढोल वादन की बहुत पुरानी और समृद्ध परम्परा रही है, लेकिन समय के साथ ढोल का शास्त्र और इसे बजाने वाले कलाकार हाशिये पर जाने लगे हैं। पलायन की पीड़ा व गांव खाली होने के कारण इन विधाओं में भी परिवर्तन दिखाई देने लगे हैं। ऐसे में ढोल को बजाने वाले कलाकारों, संस्कृतिकर्मियों और लोक कलाकारों के सामने कई चुनौतियां हैं। वर्तमान में आधुनिक वाद्ययंत्रों की चकाचौंध, विवाह समारोह आदि में डीजे संस्कृति हावी होने से ढोल का प्रचलन भी कम होता जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी छोटे-मोटे किसी भी कार्यक्रम में ढोल के बजाए आधुनिक वाद्ययंत्रों को पसंद किया जाने लगा है। आज स्थिति यह है कि केवल शादी, नामकरण, देवपूजा, जागर, जात्रा आदि कार्यों में ही ढोल का प्रयोग होता है। प्रोत्साहन न मिलने से ढोलवादकों का भी बुरा हाल है। मांग घटने पर इसको बनाने वालों के समक्ष भी कड़ी चुनौतियां हैं।

ढोल के समक्ष दूसरी सबसे बड़ी चुनौती ढोल से जुड़े लोक कलाकारों के आजीविका संकट की है। आज ढोल के बजाए लोग आधुनिक वाद्ययंत्रों के प्रति अधिक मोहित है। इसी कारण आज ढोलवादन करने वालों के समक्ष आजीविका और रोजी-रोटी का संकट आ खड़ा हुआ है। पहले तो पूरा गांव इनको बजाने वालों का संरक्षक होता था और इन्हें काम के बदले अनाज दिया जाता था, लेकिन ये व्यवस्था अब तेजी से बिखरने लगी है। ऐसे में अधिकांश कलाकारों ने या तो दूसरा रोजगार चुन लिया है या इनकी जगह आधुनिक वाद्ययंत्रों को अपना लिया है। यही स्थिति ढोल के मरम्मत करने वाले लोगों की भी हो गई है। मरम्मतकर्ता काफी मुश्किल से मिल पाते हैं इसके चलते इनकी मरम्मत करवाना भी काफी मुश्किल हो गया है।

## बेहतर भविष्य के लिए सुझाव :

ढोल का वादन करने वाले कलाकारों को सरकार यदि थोड़ी सी तकनीक आधारित प्रशिक्षण और बाजार की व्यवस्था करने में मदद करें, तो यह रोजगार का बड़ा क्षेत्र बन सकता है। आज भी उत्तराखण्ड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले औजियों की आजीविका का यह प्रमुख साधन है। इनसे जुड़े लोगों के लिए यह पुश्तैनी पेशा है, जिससे नई पीढ़ी को जोड़ना भी जरूरी है। इसके लिए सरकार को इसके संरक्षण के लिए सक्रिय हस्तक्षेप करना चाहिए। ऐसे परिवारों की आर्थिक मदद की जानी चाहिए जो सदियों से ढोल की परंपरा को सहेजकर आज भी जिन्दा रखे हुए हैं। साथ ही परंपरागत संचार के साधन के तौर पर ढोल को शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ाया और सीखाया जाना चाहिए। इससे एक तरफ लोक कलाकारों को काम मिलेगा और दूसरी तरफ युवा पीढ़ी को परंपरागत कलाओं को सीखने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकेगा। साथ ही सरकार को इसका विधिवत दस्तावेजीकरण करना चाहिए ताकि लुप्त होती कलाओं को संरक्षित किया जा सकें।

## संदर्भ ग्रंथ :


1. भानावत, डॉ. महेन्द्र, 2003, भारतीय लोक माध्यम, राजस्थान, हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर।
2. तिवारी, डॉ. अर्जुन, जनसंचार समग्र, उपकार प्रकाशन, आगरा।
3. कुमारी, नीलम, सिरमौर जिले के धार्मिक मेलों के भक्ति संगीतआयोजनों में प्रयुक्त लोक वाद्ययंत्रों की भूमिका, शोध प्रबन्ध, इटरनल विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश, https://books.google.co.in/books?id=VAEoEAAAQBAJ&pg=PP17&lpg=PP17&dq=वाद्य+यंत्र+पर+शोध&source=bl&ots=7gRIIb3J7-&sig=ACfU3U1N6hO2aMkaied9_R7uyMx18JSXVQ&hl=en&sa=X&ved=2ahUKEwj42va2k671AhXLSGwGHV73DhI4PBDoAXoECAcQAg#v=onepage&q=वाद्य%20यंत्र%20पर%20शोध&f=false
4. सिंह, डॉ. ब्रज किशोर प्रसाद, 2014, संचार माध्यम, दिल्ली, जास्मिन, पब्लिकेशन, प्रथम संस्करण।
5. सिंह, ओम प्रकाश, 1993, संचार माध्यमों का प्रभाव, नई दिल्ली, क्लासिकल पब्लिशिंग कंपनी, प्रथम संस्करण।
6. डबराल, डॉ. विनय कुमार, 2013, उत्तराखण्ड का गढ़वाली लोकवाद्य, सम्मेलन पत्रिका शोध त्रैमासिक भाग 98, संख्या 4, इलाहबाद, हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयाग।
7. https://m.jagran.com/lite/uttarakhand/dehradun-city-padmashree-pritam-bharatwan-is-trying-to-give-the-knowledge-of-melody-22115337.html
8. Alter, A. Ḍhol Sāgar: Aspects of Drum Knowledge amongst Musicians in Garhwal, North India, http://himalaya.socanth.cam.ac.uk/collections/journals/ebhr/pdf/EBHR_24_03.pdf
9. Ranjan , Manish, 2016, Jharkhand Samanya Gyan ,Prabhat Prakashan, Delhi.
10. सुमन, डॉ. विचारदास, 2008, महाग्रंथ शब्द सागर का रहस्य, दिल्ली, भावना प्रकाशन, प्रथम संस्करण।
11. पुरोहित, डॉ. डी. आर., 2001, ढोल, ढोली और ढोलवादन,शोध संकलन एवं आलेख, अंजनीसैंण टिहरी गढ़वाल, श्री भुवनेश्वरी महिला आश्रम, जुलाई।
12. डबराल, डॉ. शिव प्रसाद, संवत 1989-1981, ढोलसागर-संग्रह, पौड़ी, वीरगाथा प्रकाशन, दोगड्डा, गढ़वाल, प्रथम संस्करण।
13. रावत, चन्द्रपाल सिंह ,संपादन, 1997, गढ़वाल और गढ़वाल, विनसर पब्लिशिंग कम्पनी, देहरादून।
14. Longfellow, A., Raftery, Jarid. New Media vs. Traditional Mass Media, p-2-13.Retrived from http://static1.squarespace.com/static/55019948e4b0b1f9dcdbe11a/55019dc1e4b0ed538288e8ad/55019dbbe4b0ed538288e750/1363906529000/mar-323-research-paper.pdf?format=original
15. मिश्र, डॉ. लालमणि, भारतीय संगीत वाद्य,2005, 'तृतीय संस्करण', भारतीय ज्ञानपीठ नई दिल्ली।
16. भार्गव, डॉ. अन्जना, 2002, भारतीय संगीत शास्त्रों में वाद्यों का चिन्तन, कनिष्का पब्लिशर्स डिस्ट्रीब्यूटर्स नई दिल्ली।
17. पेटशाली, जुगल किशोर, 2016, उत्तरांचल के लोक वाद्य, प्रथम संस्करण, तक्षशिला प्रकाशन, नई दिल्ली।

18. वाद्य यंत्रा. ए बी. चैतन्य देव अनु., अलका पाठक।
19. यादव, प्रो. अनिल, मानव संचार का परिदृश्य, बालाजी आफसेट प्रिंटर्स, नई दिल्ली, https://books.google.co.in/books?id=j1JYEAAAQBAJ&pg=PA110&lpg=PA110&dq=paramparagat+sanchar+madhyam&source=bl&ots=keAmXfGcFM&sig=ACfU3U3XGfgGjRSANvH3IiU-Hur8lnZBFw&hl=en&sa=X&ved=2ahUKEwiF4uuDn731AhWJT2wGHRZ7A20Q6AF6BAhFEAM#v=onepage&q&f=true
20. राय , प्रशांत कुमार 2019, न्यू मीडिया का परंपरागत मीडिया पर प्रभाव, Volume: 2, April-June, Year-2019 The Asian Thinker ISSN: 2582-1296 A Quarterly Bilingual Peer-Reviewed Journal for Social Sciences and Humanities, https://pdfcoffee.com/05--6-pdf-free.html
21. नायक, डॉ जवाहर लालए 2012, भारतीय अवनद्य वाद्यों का विश्लेषणात्मक अध्ययन, प्रथम संस्करण, वैभव प्रकाशन, रायपुर।
22. Sati, Vishwambhar, 2017,Cultural Geography of Uttarakhand Himalaya "Where Folk Dances with Nature's Rhythm ", Today and Tomorrow Printers and Publishers, USA, https://www.researchgate.net/publication/318708642_Cultural_Geography_of_Uttarakhand_Himalaya_Where_Folk_Dances_with_Nature%27s_Rhythm
23. Negi, S. , 2019, Understanding an Indigenous Indian Himalayan Folklore: Jagar as Emotion Discourse , https://www.dpublication.com/wp-content/uploads/2019/08/28-128.pdf
24. https://www.pahaadreview.net.in/p/uttarakhandtraditional.html
25. https://readingbell.com/uttarakhand-major-musical-instruments/
26. http://www.univarta.com/lalit-kala-academy-will-soon-be-established-in-uttarakhand-satpal-maharaj/other-states/news/2599354.html
27. https://www.studyfry.com/uttarakhand-traditional-musical-instruments
28. https://www.kumauni.in/2020/09/induction-of-Dhol-or-drum-instrument.html
29. https://www.kafaltree.com/hudka-percussion-instrument-uttarakhand/
30. https://www.hindbharatlive.com/%E0%A4%9B%E0%A4%A4%E0%A5%8D%E0%A4%A4%E0%A5%80%E0%A4%B8%E0%A4%97%E0%A4%A2%E0%A4%BC/the-magic-of-chhattisgarhs-musical-instruments-on-the-rajpath-of-new-delhi-people-across-the-country-appreciated-the-state-tableau-based-on-unique-and-traditional-instruments/
31. https://www.tv9hindi.com/spiritual/know-how-18000-years-old-conch-is-now-in-same-condition-scientists-researching-on-sound-at-that-time-540497.html
32. https://www.divyahimachal.com/2017/04/%E0%A4%B5%E0%A5%88%E0%A4%A6%E0%A4%BF%E0%A4%95-%E0%A4%B5%E0%A4%BE%E0%A4%A6%E0%A5%8D%E0%A4%AF-%E0%A4%AF%E0%A4%82%E0%A4%A4%E0%A5%8D%E0%A4%B0%E0%A5%8B%E0%A4%82-%E0%A4%AA%E0%A4%B0-%E0%A4%B6%E0%A5%8B/
33. https://www.naidunia.com/madhya-pradesh/bhopal-now-children-will-read-the-story-of-the-tribal-instruments-jantur-timki-and-dahki-in-schools-7167348
34. https://www.amarujala.com/dehradun/149676830610-dehradun-news
35. http://www.shaheedokonaman.in/in-the-traditional-folk-instrument-genre-kalsi-of-uttarakhand-has-topped-all-over-the-country/
36. http://www.univarta.com/lalit-kala-academy-will-soon-be-established-in-uttarakhand-satpal-maharaj/other-states/news/2599354.html

**Benefits to publish in Shikshan Sanshodhan:**

- Shikshan Sanshodhan is an Open-Access, peer reviewed, Indexed, Referred International Journal with wide scope of publication.
- Author Research Guidelines & Support.
- Platform to researchers and scholars of different study field and subject.
- Prestigious Editorials from different Institutes of the world.
- Communication of authors to get the manuscript status time to time.
- Full text of all articles in the form of PDF format and Digital Object Identification DOIs.
- Individual copy of "Certificate of Publication" to all Authors of Paper.
- Indexing of journal in all major online journal databases like Google Scholar, Academia, Scribd, SSRN, SCOPE and Internet Archive.
- Open Access Journal Database for High visibility and promotion of your article with keyword and abstract.
- Organize Conference / Seminar and publish its papers with ISSN.
- Provides ISSN to Conference / Seminar Special Issue, Proceeding papers Publications.

## Published By

## RESEARCH CULTURE SOCIETY & PUBLICATION

**Email: shikshansanshodhan@gmail.com**

**Web Email: editor@ijrcs.org**

**http://shikshansanshodhan.researchculturesociety.org/**